वर्ष : 06 अंक : 343

हिन्दी दैनिक

बोकारो

# झारखंड दर्शन

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

बुधवार, 19 जून 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 19 जून को



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में राज्य की जनता को एक साथ कई तोहफे मिलने की उम्मीद है। बैठक में कृषि, उर्जा, महिला, बाल विकास सहित सड़क निर्माण की योजनाओं को मंजूरी मिलेगी। किसानों का दो लाख रुपये तक ऋण माफ हो सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है। 125 यूनिट के बजाए 200 यूनिट तक का बिजली बिल माफ हो सकता है। साथ ही महिलाओं को भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एक निश्चित रकम उनके बैंक खाते में भेजने की योजना प्रारंभ की जायेगी।

### आईपीएस का तबादला, क्रांति कुमार गड़िदेशी बने दुमका जोनल आईजी

**रांची।** राज्य सरकार ने चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे क्रांति कुमार गड़िदेशी को दुमका जोनल आईजी बनाया गया है। इस संबंध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसी प्रकार दुमका जोनल आईजी के पद पर पदस्थापित अन्नेपू विजयालक्ष्मी को आईजी ट्रेनिंग बनाया गया है। जैप वन के समादेष्टा के पद पर पदस्थापित अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी और देवघर एसपी के पद पदस्थापित राकेश रंजन को जैप-1 का समादेष्टा बनाया गया है।

### जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने 10 जून को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 48/2022 में वारंट लिया था। इसी दिन जयराम महतो अपना नामांकन दाखिल करने गए थे, उस दिन रांची पुलिस वारंट लेकर जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंच गई थी। हालांकि जयराम ने नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया और फिर वहां से निकल गये थे।

### मुख्यमंत्री ने की पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा, दिये निर्देश

# धर्मस्थल लुगुबुरु-मरांगबुरु बनेगा पर्यटन स्थल

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता बेमिसाल है। यहां विभिन्न समुदायों के कई अहम धार्मिक स्थल तथा अलग-अलग कला-संस्कृति का एक अनोखा मिश्रण है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदिवासी धर्मावलंबियों के आस्था एवं विश्वास का धर्मस्थल लुगुबुरु तथा मरांगबुरु को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में जल्द से जल्द विकसित किया जाए। पर्यटन विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पहाड़ी मंदिर परिसर रांची का सम्पूर्ण विकास जरूरी है। पहाड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक बड़ा धर्मस्थल है। राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी मंदिर में रोप-वे बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके लिए फीजिबिलिटी वेरीफिकेशन भी हुई थी। पदाधिकारी फीजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द मंगाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ करें। पहाड़ी मंदिर के विकास के लिए जो भी रोड में तैयार किया गया है, उस पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

- मुख्यमंत्री ने पदाधिकारी जल्द से जल्द इस निमित्त एक बेहतर डीपीआर तैयार करने का दिया निर्देश



### हुंडरू फॉल के रिनोवेशन तथा गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हुंडरू फॉल के रिनोवेशन तथा वहां के गेस्ट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित वैसे सभी पर्यटन स्थल जिसे विकसित किया जाना है, उन स्थलों की कार्य प्रगति में शिथिलता न बरतें, बल्कि तेज गति से कार्य करते हुए सभी काम ससमय सम्पन्न करें। राज्य के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विकसित करने में यदि जरूरत पड़े तो दूसरे राज्यों के टूरिज्म प्लेस का स्टडी करें। राज्य के सभी चिन्हित पर्यटन स्थल विकसित होंगे तभी राज्य का सांस्कृतिक गौरव बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

### धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए हमें क्या कार्य करने की जरूरत है इस पर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक, आध्यात्मिक सहित विभिन्न पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इन बहुआयामी पर्यटन संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इनका विकास होना बहुत ही आवश्यक है। राज्य सरकार का प्रयास है कि झारखंड भ्रमण पर जो भी पर्यटक आते हैं वे यहां से एक बेहतर अनुभव लेकर अपने घर वापस जाएं ताकि पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड की अलग पहचान बन सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि रामगढ़ जिला स्थित रजरप्पा एक बेहतरीन धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित की जा सके इस निमित्त जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करें तथा रजरप्पा में क्या नया किया जा सकता है उस पर भी पदाधिकारी कार्य योजना बनाएं।

### सरना धर्म स्थलों को भी प्रतिबद्धता के साथ विकसित करें

बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के सरना धर्म स्थलों के विकास पर भी बल दिया। उन्होंने सेरेंगदाघाटी (कोल्हान) को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आदिवासी धर्मावलंबियों को सरना स्थल का परिभ्रमण कराना भी सुनिश्चित किया जाए। भोगनाडीह स्थित सिदो कान्हू प्रतिमा स्थल तथा उलिहातू शहीद स्थल को प्राथमिकता के साथ डेवलप करें। यह सभी स्थल झारखंड के महत्वपूर्ण विरासत हैं। इन स्थलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाएं। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में अभी तक 27 हजार 248 सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा चुका है, जिसमें 11 हजार से अधिक क्लबों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। अब कोऑपरेटिव के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कार्य किया जाएगा, जिससे कार्य में तेजी लाई जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के गठन तथा निबंधन कार्य को सरल बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

### हर हाल में खेलगांव का हो मेंटेनेंस

मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची स्थित खेलगांव का मेंटेनेंस हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से खेलगांव का निर्माण किया गया था, उस उद्देश्य को पूरा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव में आयोजित होती रहे, यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने आदित्यपुर-1, फुटबॉल मैदान, रामचंद्रपुर फुटबॉल मैदान तथा आदित्यपुर-2, प्रगति मैदान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने राज्य में खेलकूद की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, डे-बोर्डिंग क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का संचालन, विभिन्न खेल विधाओं के लिए हाई परफॉर्मिंग सेंटर का अधिष्ठापन तथा चालू वित्तीय वर्ष में ली जाने वाली महत्वपूर्ण खेल योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पदाधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश भी दिए।

**इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खेल निदेशक सुशांत गौरव, पर्यटन निदेशक अंजलि यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नीट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-

## 0.01 फीसद भी खामी पाई गई तो सख्ती से निपटेंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर 0.01 फीसद भी किसी की खामी पाई गई तो हम उससे सख्ती से निपटेंगे। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि एनटीए छात्रों की शिकायतों को नजरअंदाज न करें, अगर परीक्षा में कोई गलती हुई है तो उसे समय रहते सुधारा जाए। अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा, 'ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं।'

### शीर्ष अदालत ने एनटीए को दी नसीहत

शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा, 'एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो 'हाँ' कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।' शीर्ष अदालत ने मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए आयोजित नीट यूजी 2024 में अनियमितता के आरोप लगाने वाली इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, 'वह (एनटीए) इस मामले में आत्ममंथन करे।'

### यदि कोई गलती हुई है तो स्वीकार करें

न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें। पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट यूजी 2024 को रद्द करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी।

### प्रधानमंत्री ने काशी से पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की, बोले

## मां गंगा ने मुझे गोद लिया, तीसरी बार चुना जाना ऐतिहासिक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया। ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी की। अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला है।

### 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए



प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कृषि सखी कन्वर्जेंस कार्यक्रम (केएससीपी) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं का कृषि सखी के रूप में सशक्तिकरण करते हुए कृषि सखी महिलाओं को पैरा-एक्सटेंशन वर्कर के रूप में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करके, ग्रामीण भारत की तस्वीर को बदलना है। यह प्रमाणन पाठ्यक्रम 'लखपति दीदी' कार्यक्रम के उद्देश्यों के भी अनुरूप है। कृषि सखी के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई हैं। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा। आज 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने की तरफ भी बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों से सुनिश्चित करेगी।

## पीएम मोदी 30 को करेंगे मन की बात, देशवासियों से मांगे सुझाव

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद आगामी 30 जून को एक बार फिर आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों के साथ विचार साझा करेंगे। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खुद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा, 'आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीने के अंतराल के बाद 'मन की बात' की एक बार फिर से वापसी हो रही है। इस महीने का कार्यक्रम 30 जून को होगा। आप सब इस कार्यक्रम के लिए 'माईगोव ओपन फोरम' या 'नमो एप' पर अपने विचार साझा करें। आप 1800117800 पर अपने संदेश रिकार्ड भी कर सकते हैं।'

### बांदीपोरा में मारा गया आतंकवादी उमर लोन

**बांदीपोरा।** सेना ने मंगलवार को कहा कि 16 और 17 जून की मध्य रात्रि को सुरक्षा बलों द्वारा शुरू किए गए संयुक्त अभियान के दौरान बांदीपोरा के अरागाम इलाके में ए श्रेणी के आतंकवादी उमर लोन को मार गिराया है। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सेना कमांडर विपुल त्यागी ने बताया कि शीर्ष रैंक कमांडर का खात्मा सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बांदीपोरा जिले के अरागाम इलाके में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन चलाया गया था।

## पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को ईमेल से दी गयी। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी भरे ईमेल के मिलने की पुष्टि पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने की है। धमकी देने वाले ने मेल के माध्यम से पटना समेत देश के 40 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है।पटना एयरपोर्ट के निदेशक को दोपहर 01:10 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पटना पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वॉड की टीम पटना एयरपोर्ट पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु एयरपोर्ट परिसर में बरामद नहीं हुआ। डीएसपी सचिवालय ने बताया कि मेल पर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस सहित अन्य तमाम जांच एजेंसियां अपने-अपने स्तर से जांच में जुट गईं लेकिन कुछ भी संदेहास्पद वस्तु नहीं मिला।

### अच्छी पहल | आर्मी हॉस्पिटल ने सैन्य कर्मियों के लिए शुरू किया अत्याधुनिक 'स्किन बैंक'

## त्वचा संबंधी उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना उद्देश्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (आरएंडआर) ने मंगलवार को सैन्य कर्मियों के लिए अत्याधुनिक 'स्किन बैंक' शुरू किया है। सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं के लिए यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस पहल का उद्देश्य सेनाओं और उनके परिवारों के बीच गंभीर रूप से जलने की चोटों और अन्य त्वचा संबंधी स्थितियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि नया स्किन बैंक स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगा, जिससे देश भर के सैन्य चिकित्सा केंद्रों को मदद मिलेगी। इस सुविधा का उद्देश्य सशस्त्र बलों के कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करना है। स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, ऊतक इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम होगी। यह सुविधा गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करेगी, जिससे स्किन ग्राफ्ट की विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी।

डीजीएमएस (सेना) और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी ने स्किन बैंक शुरू होने को सैन्य कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाएगी, बल्कि गंभीर चोटों से प्रभावित लोगों की सहायता करने की क्षमता को भी मजबूत करेगी। सेना अस्पताल (आरएंडआर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने कहा कि इस स्किन बैंक के जरिये हम अपने रोगियों को सबसे प्रभावी और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर सकते हैं, जिससे अंततः उनके ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है।

- जलने वाले गंभीर मरीजों को त्वचा संबंधी उपचार में मिलेगी मदद
- स्किन बैंक में उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम होगी






## बिहार : अररिया में बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल गिरा

एजेंसी

- 12 करोड़ की लागत से हो रहा था निर्माण
- पुल का तीन से चार पाया नदी में समाया



**फारबिसगंज/अररिया।** बिहार के अररिया जिले के सिकटी और कुर्साकाटा प्रखंड को जोड़ने वाला पड़रिया पुल निर्माण के दौरान ही बकरा नदी में समा गया। पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी के आंखों पर संवेदक की मेहरबानी का पर्दा नहीं पड़ता तो आज बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल नदी के गर्भ में नहीं समाता।

लोगों ने कहा कि इस पुल पर आवागमन के लिए वर्षों से लोग प्रतीक्षारत हैं। यह पुल जब बना तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया था। इसके बाद 12 करोड़ रुपये की लागत से नदी के किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ लेकिन विभागीय लापरवाही और संवेदक की अनियमितता से पुल गिर गया और करोड़ों रुपये के साथ लोगों को उम्मीदें भी नदी में बह गईं।

## पांच नक्सलियों को ढेर करने वाली टीम को डीजीपी ने किया सम्मानित

# मुख्यधारा में लौट आएं नक्सली : डीजीपी

संवाददाता

**रांची।** जिले के गुवा और जेटेया थाना क्षेत्रों के लिपुंगा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए थे। इस दौरान दो नक्सली गिरफ्तार भी किए गए थे। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को जवानों की हौसला अफजाई की। उन्होंने सुरक्षा बलों की पूरी टीम को चाईबासा पुलिस केंद्र में सम्मानित किया।

इस मौके पर चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर एवं जिला पुलिस के पदाधिकारी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, सीआरपीएफ के डीआईजी एसके लिंडा, जोनल आईजी अखिलेश झा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर, झारखंड जगुआर डीआईजी इंद्रजीत महथा समेत वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

चाईबासा पुलिस लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। अजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। चाईबासा में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए पांच को ढेर कर दिया और दो नक्सलियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील


डीजीपी ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला पूरे झारखंड का सबसे बड़ा जिला है। साथ ही सबसे बड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी है। ऐसे में इस तरह की उपलब्धि राज्य के लिए गौरव की बात है कि सुरक्षा बलों ने दो वर्षों के ऑपरेशन के दौरान इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौट आएं।

### अति नक्सल प्रभावित जिलों में चाईबासा 12वें नंबर पर

डीजीपी ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलता रहेगा। नक्सली या तो हिंसा का मार्ग, हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हों अन्यथा ऐसे ही मारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के अति नक्सल प्रभावित जिलों में झारखंड का चाईबासा 12वां जिला है और झारखंड में पहला जिला है जो अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। जल्द ही सारंडा और इस जिले को नक्सली मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा।



## स्पा सेंटर में पकड़े गए तीन आरोपितों को मिली जमानत



संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को लालपुर थाना क्षेत्र से बैंबू स्पा सेंटर में पकड़े गये तीन आरोपितों को जमानत दे दी। इनमें राकेश रंजन, आर्यमान कुमार और ऋषि बंका शामिल हैं। तीनों आरोपित स्पा सेंटर के ग्राहक थे।

अदालत ने स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी कराने के आरोपित और स्पा के संचालक दिल्ली निवाड़ी गौरव अग्रवाल सहित स्पा के अन्य कर्मचारियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। साथ ही सभी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इनमें थाईलैंड की दो युवतियां, दिल्ली और बंगाल की दो-दो एवं रांची की एक युवती सहित अन्य शामिल हैं।

रांची पुलिस ने दो जून को लालपुर थाना क्षेत्र स्थित बैंबू स्पा सेंटर में छापेमारी की थी। बैंबू इंटरनेशनल स्पा सेंटर, सर्कुलर रोड के हरिओम टावर के सामने ली डिजायर कांप्लेक्स के चौथे तल्ले पर स्थित था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान वहां से 14 लोगों को गिरफ्तार किया था। साथ ही आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया था।

## एक नजर

### महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में अनियमितता की जांच करेंगे संयुक्त सचिव

**रांची।** महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में अनियमितता की जांच पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार करेंगे। अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है, जो आयोजन से जुड़ी फाइल और किये गये भुगतानों की समीक्षा करेगी। कमेटी को 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देने निर्देश दिया गया है। चार सदस्यीय कमेटी में संयुक्त सचिव अरुण कुमार के अलावा विभाग के उपसचिव विमलानंद मिश्रा, अवर सचिव राजेश कुमार व प्रशाखा पदाधिकारी तसनीम जेया शामिल हैं। राजधानी रांची में बीते साल 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हुआ था। इस चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में विभिन्न मदों में अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया। ई-रिक्शा में डीजल भराने व डीजल पर जीएसटी वसूलने, टेंडर में पक्षपात, डिनर के एवज में ज्यादा भुगतान किये जाने समेत कई मामलों की खबरें प्रकाशित हुईं, जिसके बाद खेल मंत्री हफीजुल अंसारी ने जांच का आदेश दिया।

### डॉ. कहकशां परवीन का निधन

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी की पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष डॉक्टर कहकशां परवीन का निधन हो गया। सोमवार रात डॉक्टर कहकशां परवीन ने मेदांता अस्पताल ग्रुरूग्राम में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से मेदांता अस्पताल में भर्ती थीं। उनका पेट का ऑपरेशन हुआ था। वे अपने पीछे पति, एक बेटी व 2 बेटा का भरा पूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह गईं। पटना में उन्हें सुपर्दे खाक कर दिया जाएगा। डॉक्टर कहकशां परवीन डोरंडा स्थित न्यू परासटोली में रहती थीं। कहकशां परवीन के निधन ने पूरे शिक्षा जगत को शोक की लहर है।

### विशेष मध्यस्थता अभियान 24 जून से 28 तक

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में विशेष मध्यस्थता अभियान 24से 28 जून तक व्यवहार न्यायालय रांची में होना सुनिश्चित हुआ है। इस मध्यस्थता अभियान में व्यवहार न्यायालय, रांची के मध्यस्थों के द्वारा तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भा.द.वि की धारा-498 ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं। वादकारी 28 जून तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। मालूम कि पूर्व में भी झालसा के निर्देश पर विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन होता रहा है और वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के द्वारा किया गया है। यह जानकारी डालसा सचिव ने दी।

### राज्य में लोजपा दर्ज कराएगी उपस्थिति : लोहरा

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय सचिव भुवनेश्वर लोहरा ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड में लोजपा दमदार उपस्थिति दर्ज कराएगी। चुनावी मैदान में मजबूती के साथ उतरेगी। श्री लोहरा ने कहा कि लोजपा (रामविलास) की झारखंड प्रदेश इकाई के सभी पदधारी संगठन को सशक्त बनाने में जुटे हैं। जिला स्तर पर कमिटियों के गठन की प्रक्रिया जारी है। समाज के हर वर्ग के लोग लोजपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोजपा (रामविलास) की नीतियों और सिद्धांतों के प्रति विश्वास जताते हुए काफी संख्या में अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

### प्री- मॉनसून मेला कम एग्जीबिशन 27 से 29 तक

**रांची।** श्री महेश्वरी महिला समिति की ओर से तीन दिवसीय प्री मॉनसून मेला 27 से 29 जून तक अपर बाजार सेवा सदन पथ स्थित माहेश्वरी भवन में होगा। इसे लेकर मंगलवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। सयोजिका रिश्मि मालपानी, रंजू मालपानी ने बताया कि मेला का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाना और उन्हें एक मंच प्रदान करना और स्वरोजगार के लिए आगे आने को प्रोत्साहित करना भी है।

### देवेशचंद्र ठाकुर की सदस्यता समाप्त हो: कैलाश

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार से सीतामढ़ी के जदयू से नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद सह विधान परिषद के सभापति देवेशचंद्र ठाकुर के द्वारा यादव मुस्लिम कुशवाहा जाति के ऊपर जातिसूचक टिपण्णी कर चुनाव में वोट नहीं देने घृणित आरोप लगाने पर सांसद को पागलपन एवं मानसिक दिवालियापन करार दिया है। श्री यादव ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार गठन के बाद जदयू सांसद का बड़बोलापन बढ़ गया है। निश्चित रूप से बीजेपी का सामंती विचारधारा जदयू में समा चुकी है।

## विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर उतारेंगे प्रत्याशी : जयराम महतो

संवाददाता

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रांची के ऑक्सीजन पार्क में मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे। जयराम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कुल आठ सीटों पर हमने प्रत्याशी उतारा था। इन आठ लोकसभा सीटों के अंदर 46 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। जाहिर तौर पर इन सभी 46 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा जमशेदपुर, खूंटी और गोड्डा लोकसभा सीट के अंतगर्त आने वाले विधानसभा क्षेत्रों से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि 15 से 25 दिन के अंदर पार्टी को सिंबल भी अलॉट कर दिया जायेगा। साथ ही पार्टी का रजिस्ट्रेशन भी हो जायेगा।



### कोई विशेष दल हमारी पार्टी के लिए चुनौती नहीं है

जयराम महतो ने कहा कि कोई एक विशेष दल हमारी पार्टी के लिए चुनौती नहीं है। क्योंकि, उन्होंने वहां से वोट लाया, जहां से आजसू के अलावा बाकी पार्टियां थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पारंपरिक सीट बेरमो से उनको 13,53,000 वोट मिले। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सीट टुंडी से 60,000 और डुमरी से 90,000 वोट मिले। साथ ही कहा कि किसी एक दल से हमारी लड़ाई नहीं है। हमारी लड़ाई विचारधारा की है। फिलहाल ये लोग जो पॉलिटिक्स कर रहे हैं, उससे जनता कहीं ना कहीं कट रही है। हां, हमें समय लगेगा लेकिन आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में हमलोग बेहतर स्थिति में होंगे। हम लोगों के लिए पार्टी नहीं मुद्दे मायने रखते हैं। जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा का चुनाव राज्य के मुद्दों पर लड़ेंगे। झारखंड का सबसे ज्वलंत मुद्दा अभी छात्रों की निराशा है। यदि हम सरकार में आते हैं तो हम सबसे पहले होने वाली परीक्षाओं में पारदर्शिता लायेंगे। फ्री एंड फेयर एग्जाम लिये जायेंगे। इसके लिए आंदोलन भी करेंगे।

## हाई कोर्ट का निर्देश, स्कूलों के आसपास बार-रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति न दी जाए

### रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए



संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को स्कूल एवं मंदिर के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट चलाए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे जगहों पर बार एवं रेस्टोरेंट चलाने की अनुमति न दी जाए। लाइसेंस के टर्म एवं कंडीशन के तहत रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए। मोराबादी स्थित रूइन हाउस (बार एवं रेस्टोरेंट) को सुबह चार बजे तक भी खुला देखा गया है।

कोर्ट ने राजधानी रांची के मोराबादी में एक बार में देर रात तक खुले रहने एवं चुटिया स्थित एक्सट्रीम बार में गोली चलने से डीजे चलाने वाले युवक पर गोलाबारी से मौत की घटना को संज्ञान में लेते हुए रांची डीसी, रांची एसएसपी और उत्पादन आयुक्त को कोर्ट में तलब किया। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह तीनों अधिकारी कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए।

कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि रात 12 के बाद भी रांची शहर के बार एवं रेस्टोरेंट खुले रहते हैं। कोर्ट ने मौखिक कहा कि संबंधित थाना के इंस्पेक्टर यदि इन बार एवं रेस्टोरेंट पर निगरानी रखते तो बार में गोलीबारी की घटना नहीं होती। पुलिस को रात में बार एवं रेस्टोरेंट में लगातार गश्त लगाने

### पुलिस अधीक्षक अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई करें

कोर्ट ने कहा कि आज मोहल्लों के आसपास बार एवं रेस्टोरेंट खुल गए हैं, जिससे महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। मामले में कोर्ट ने नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता से कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से यह पता लगाया लगाने का कोशिश करें कि झारखंड के किन-किन जिलों में अफीम की खेती हो रही है और संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई करें। कोर्ट ने रांची एसएसपी से कहा कि रांची शहर में ड्रग्स यथा अफीम, चरस, गांजा की रोकथाम पर अभियान चलाएं।कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि पुलिस चाहे तो ड्रग सप्लायर को आसानी से पकड़ सकती है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची एसएसपी को ड्रग्स की रोकथाम में विफल रहने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

## बड़ा तालाब की साफ-सफाई पर सरकार और निगम को हिदायत

एजेंसी



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम एवं राज्य सरकार से पूछा कि बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की सफाई एवं सौंदर्यकरण में कितने रुपये हुए खर्च हुए। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब बड़ा तालाब और हरमू नदी के सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर करोड़ों की राशि खर्च की गई, तो फिर इसकी सफाई ढंग से क्यों नहीं हुई क्यों बड़ा तालाब का पानी सड़ गया और पानी से दुर्गंध आ रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इस पर एक्शन नहीं लिया गया तो कोर्ट कड़ा आदेश पारित कर सकती है।

मामले में झारखंड सिविल सोसाइटी और रोहित राय की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई है। झारखंड सिविल सोसाइटी के अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि रांची के बड़ा तालाब का पानी बदबूदार हो चुका है। नाली का पानी अभी भी इसमें गिर रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

रोहित राय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के पीछे न्यू कॉलोनी में पिछले एक माह से पेयजल आपूर्ति होने वाले पानी के साथ नाले का गंदा नल से लोगों के घर में आ रहा है। इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। मामले की कल फिर सुनवाई होगी। रांची में जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डेमो की साफ सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

## 48 बीयर के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

संवाददाता



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बीयर के साथ एक आरोपित अमृत कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के पटना का रहनेवाला है।

इसके पास से 48 बीयर बरामद किया गया। ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ मुरी ने यह कार्रवाई की है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों और ट्रेनों में औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ मुरी और फ्लाइंग टीम रांची मुरी रेलवे स्टेशन पर गुप्त निगरानी के क्रम में एक व्यक्ति को बड़े बैग के साथ जल्दीबाजी में गाड़ी संख्या 12366 में उठने के लिए भागते पाया। संदेह होने पर उसे रोककर बैग चेक करने पर उसमें से 48 बीयर बरामद किए गए।

## आदि कैलाश के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था हुआ रवाना

संवाददाता



**रांची।** कैलाश की करूणा रांची का जत्था मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक कैलाश की करुणा रांची के संस्थापक कैलाशी अरविन्द सिहं कौशल के नेतृत्व में 13 यात्रीयों का जत्था आदि कैलाश रवाना हुआ। कैलाश रवाना हुआ। समाज सेवी नंद किशोर सिंह चंदेल ने अंग वस्त्र एवं धर्म ध्वज देकर जत्थे को किया रवाना। जत्थे में पुरे भारत से 60 दर्शनार्थी हैं जिसमें रांची से 13 दर्शनार्थी हैं। जत्था बनारस होते हुए 20 जून को धारचुला जाएगा। जत्था बाबा विश्वनाथ, श्री आदि कैलाश, ओम पर्वत, गौरी कुंड, पार्वती सरोवर, नाभी डांग, गणेश पर्वत, पांडव पर्वत, नीम करौली बाबा, कैची धाम, गोलु देवता, जागेश्वर धाम, नारायण आश्रम, पताल भुवनेश्वर मंदिर, व्यास मुनि गुफा, काली मंदिर दर्शन कर 27 जून को रांची वापसी करेगा। अरविन्द सिंह कौशल के साथ ज्योतिष आचार्य आर के तिवारी सहित 13 शिव भक्त रांची से शामिल हैं।

### पूछताछ के लिए ईडी ने शेखर को लिया रिमांड

रांची। ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद मंगलवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से अदालत से फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मांग की गई। इसका बचाव पक्ष की अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की। इससे पहले भी ईडी रिमांड पर कुशवाहा से तीन दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को 12 जून को गिरफ्तार किया था।

### शारीरिक शोषण करने के दोषी को 12 साल की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दोषी विनय कुमार पासवान को 12 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 26 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं भरने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस मामले में पीड़िता ने चुटिया थाने में कांड संख्या 82/2019 दर्ज कराया था। पीड़िता और आरोपित दोनों के बीच चार साल से प्रेम संबंध था। विनय पीड़िता को बहला फुसलाकर चुटिया के एक होटल में ले जाकर संबंध बनाया था और शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था।

## 22 से जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा

संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से 22 जून से 11वीं, 12वीं तथा 13वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा 24 जून तक दो पालियों में होगी। आयोग ने लगभग सात हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची जिला में 15 परीक्षा केंद्र बनाये हैं। कुल 342 पदों पर नियुक्ति के लिए 22 जून को प्रथम पाली में प्रथम पत्र व द्वितीय पाली में द्वितीय पत्र, 23 जून को प्रथम पाली में तृतीय पत्र व द्वितीय पाली में चतुर्थ पत्र, 24 जून को प्रथम पाली में पांचवें पत्र तथा द्वितीय पाली में छठे पत्र की परीक्षा लेगा। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

### प्रत्येक पाली की परीक्षा तीन घंटे की होगी




आयोग की वेबसाइट से एडमिट कार्ड के साथ उपस्थिति पत्रक भी डाउनलोड करेंगे। मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में भाषा एवं साहित्य विषय के लिए चयनित विषय के आधार पर ही प्रवेश पत्र निर्गत किये गये हैं। इसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जायेगी। अभ्यर्थी पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि डाल कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी की सुविधा के लिए आयोग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होने पर अभ्यर्थी 21 जून तक आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं पंजीयन संख्या के साथ आवेदन देकर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। आयोग के निर्देश के आलोक में अभ्यर्थी को प्रत्येक पाली के लिए एक ही उत्तर पुस्तिका दी जायेगी।उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिये गये ओएमआर पर आवश्यक जानकारियां लिखेंगे। अभ्यर्थी को सभी पत्र की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर मुख्य परीक्षा की मेधा सूची में शामिल नहीं किया जायेगा। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। परीक्षा आरंभ होने के 15 मिनट के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। नकल करने, बाधा पहुंचाने, उत्तरपुस्तिका फाड़ने या लेकर भागने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो। बोकारो स्थित श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने नव प्रवेशित कक्षा एकादश के छात्रों के लिए विशेष रूप से नव दिशा नामक एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों का स्वागत भारतीय संस्कृति की मूल पहचान ह्यतिलकह्य लगाकर किया गया। प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार, उप-प्राचार्या राजलक्ष्मी, सुरेश नायर और विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर स्कूल के छात्राओं ने श्लोक जप एवं विद्यालय प्रार्थना प्रस्तुत किया। स्कूल के प्राचार्य पी. शैलजा जयकुमार ने अपने मुख्य भाषण में विभिन्न विषयों की प्रासंगिकता और उनकी भविष्य की संभावनाओं को खूबसूरती से समझाया। उन्होंने स्कूल के मानदंडों और छात्रों को स्कूल परिसर के अंदर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अकादमियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में स्कूल की उपलब्धियों का भी स्पष्ट उल्लेख किया। अपने सम्बोधन में स्कूल के आदर्श वाक्य ह्यह्यसम्मान और जिम्मेदारीह्यह्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की छाया में रहना कितना महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है। उन्होंने एकादश शिक्षक और अन्य शिक्षकों का भी परिचय दिया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण आयामों के समबन्ध में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होनें देश के भावी कर्णधार की जिम्मेदारी के लिए क्या आवश्यक है, पर प्रकाश डाला। योगेश कुमार, राजीव रंजन सहाय और सजीव एस. ने अनुशासन के महत्व के बताते हुए जीवन और पढ़ाई के लिए तालमेंल पर विषेष बल दिया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र कुमार ने सभा को संबोधित किया। कुमार तमिलनाडु सरकार द्वारा सम्मानित रंगमंच कलाकर, बहुमुखी प्रतिभा के धनी, विभिन्न कार्य परियोजना के आयोजक एवं निर्देशक के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। बोकारो संयंत्र से एच आर डी सेवानिवृत प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं। कुमार ने अपने संबोधन में छात्रों द्वारा अभिभावकों, शिक्षिकों के सम्मान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। जिससे पूरा वातावरण सकारात्मक उर्जा से भर गया। नये विद्यार्थियों को अल्पाहार प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्या सुरेश नायर द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा के बच्चों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**कथारा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों, शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षेकेत्तर कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। वरीय शिक्षक परमानंद चौधरी ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। 16 जून से 30 जून तक सीसीएल के निदेर्शानुसार स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ सफाई, विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्वच्छता शपथ में विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन के निदेशक विपिन राय, वरिष्ठ शिक्षक पंकज कुमार, डॉ आरएस मिश्रा, शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, एके गोस्वामी, सीसीए कोऑर्डिनेटर बीके दसौंधी, धर्म गुरु टीएम पाठक, अरविंद झा, संजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार, अमित पाण्डे, रंजीत सिंह, जयपाल साव, शैलेंद्र कुमार, रितेश कुमार, वीणा कुमारी, मधु मल्लिका उपाध्याय, आराधाना, राकेश पाण्डे, संजय महतो, जय प्रकाश गिरि, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, राहुल कुमार, शिव प्रकाश सिंह, खुशबू सिंह, ममता पात्रा, ओशिन, विजय वर्मा, शुभम कुमार, सुमन पाण्डे व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## कसमार के शंकरडीह में तालाब जीर्णोद्धार कार्य को रैयतों ने रोका

# मनमाने ढंग से कार्य कराने पर ग्रामीण हुए गोलबंद

### तालाब से निकाली मिट्टी को दूर फेंकने व जलक्षेत्र का विस्तार करने की मांग

संवाददाता

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत अंतर्गत करमा गांव के शंकरडीह टोला स्थित बड़ा तालाब का जीर्णोद्धार सरकारी विभाग द्वारा किया जा रहा है, लेकिन जिर्णोद्धार कार्य मनमाने तरीके से किया जा रहा है। स्थानीय रैयत व किसानों का कहना है कि तालाब का रकवा साढ़े तीन एकड़ से ज्यादा है। तालाब में गाद भरने के बावजूद डेढ़ से दो एकड़ क्षेत्र में जलक्षेत्र हुआ करता है। लेकिन संवेदक द्वारा तालाब के दक्षिणी छोर में



तालाब का मिट्टी उठाकर भर दिया जा रहा है। वहीं तालाब के चारों ओर 50 फीट का मेड़ बनाया जा रहा है। जिससे तालाब संकीर्ण हो रहा है। इससे जलक्षेत्र आधे से भी कम हो जायेगा। ग्रामीण रैयतों का कहना है कि जिस उद्देश्य और आकांक्षा से तालाब का जिर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है, उसमें पानी फिर जायेगा। सिंचाई क्षेत्र घट जायेगा तो फिर जिर्णोद्धार कार्य से क्या लाभ होगा। रैयतों ने सोमवार को जीर्णोद्धार कार्य बंद करा दिया है। रैयतों के अनुसार तालाब के तीन ओर मात्र 15 फीट का मेड़ रखें।

वहीं एक ओर उत्तर दिशा की 20 से 25 फीट रखें, जिससे पानी ज्यादा रुके और तालाब का सारा मिट्टी व गाद दूर ले जाकर फेंकें। तभी आगे का कार्य करने दिया जायेगा। वर्ना तालाब जीर्णोद्धार कार्य नहीं होगा। इसकी शिकायत रैयतों ने उपायुक्त बोकारो एवं भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय को दे दी है। उल्लेखनीय है कि तालाब का शिलान्यास व सूचना पट्ट गायब है, जिससे आम लोगों को पता ही नहीं चल रहा है कि तालाब का जीर्णोद्धार कार्य किस मद की राशि से कौन से सरकारी विभाग का कार्य एजेंसी करा रही हैं। यह भी नहीं पता चलता है कि तालाब का संवेदक या पानी पंचायत में कौन-कौन से लोग हैं। मौके पर रैयत नित्यानंद महतो, हरिहर महतो, दीपक महतो, राजेश्वर महतो, कपिलेश्वर महतो, सर्वेश्वर महतो, मधूसुदन महतो, अशोक महतो व नंदलाल महतो आदि मौजूद थे।

## ठेका मजदूर हुए घायल



संवाददाता

**कथारा।** डीवीसी बोकारो थर्मल बी प्लांट में कटिंग का काम करवा रही राधा टीएमटी कंपनी के अधीन कार्य कर रहे दो ठेका मजदूर मंगलवार को घायल हो गए। घायल मजदूर बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी 26 वर्षीय रवि कुमार व मुर्गी फार्म निवासी नकुल राम 27 वर्षीय बुरी तरह से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्लांट कटिंग के कार्य के दौरान बिजली का केबल जिसमें बिजली प्रवाह चालू थी। चालू केवल काटने के कारण दोनों मजदूर उसकी चपेट में आकर बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों घायल मजदूरों को घायल अवस्था में डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान दोनों घायल मजदूरों को बेहतर इलाज हेतु बाहर रेफर कर दिया गया। बताते चलें कि पिछले दिनों यही राधा टीएमटी कंपनी के खिलाफ मजदूरों ने आंदोलन किया था। मजदूरों का कहना है कि सुरक्षा का कोई भी इंतजाम कंपनी के द्वारा नहीं दिया जाता है। सेफ्टी अधिकारी टरबाइन के अंदर बैठे रहते हैं और मजदूरों को साइट पर राम भरोसे छोड़ देते हैं। सुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही के कारण हीं यह घटना घटी है।

## पहली झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए डीपीएस बोकारो में चयन शिविर 23 को

संवाददाता

**बोकारो।** तैराकी के क्षेत्र में खेल प्रतिभा को तलाशने और तराशने के उद्देश्य से झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से 14 वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बोकारो जिले की टीम गठित करने को लेकर आगामी 23 जून को नगर के सेक्टर 4 स्थित डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल कैंप (चयन शिविर) आयोजित किया जा रहा है। इसमें महिला व पुरुष, दोनों ही वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। मंगलवार को इस आशय की जानकारी बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के स्विमिंग पूल में अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयन शिविर में ओपन कैटेगरी में बोकारो जिले के किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि 14वीं झारखंड राज्य सीनियर स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 आगामी 29 जून को जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में होनी है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तैराकों को मिलाकर झारखंड की महिला-पुरुष नेशनल टीमें तैयार की



जाएंगी, जो भारतीय तैराकी महासंघ के द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित 77वें ग्लेनमार्क सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगी। डॉ. गंगवार ने बताया कि चयन ट्रायल में शामिल होने को इच्छुक प्रतिभागी 23 जून को प्रातः 6 बजे रिपोर्ट करेंगे। उन्हें अपने पहचान पत्र एवं लोकल एड्रेस प्रूफ के साथ अपना स्विमिंग कॉस्ट्यूम लेकर आना अनिवार्य होगा। स्विमिंग के फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस वर्गों में प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर होने वाली उक्त तैराकी प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

## निजी अस्पतालों के विकास के लिए बीजीएच को किया जा रहा बर्बाद : साधु शरण गोप

### बीजीएच में क्वालिटी में सुधार के लिए किया मौन प्रदर्शन

संवाददाता

**बोकारो।** जनता मजदूर सभा के बैनर तले मजदूरों के साथ आम नागरिकों ने सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल में क्वालिटी चिकित्सा और व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सोमवार को अस्पताल के गेट पर मौन प्रदर्शन किया । सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि निजी अस्पतालों में अपने को रिटायर के बाद नियोजित करने के वास्ते निजी अस्पतालों को विकसित करने के लिए बीजीएच को रणनीति के तहत बर्बाद किया जा रहा है। ताकि मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख करें। विडंबना है कि इसके दोषी कोई और नहीं, बल्कि वे हैं जिनकी शहर के बीच विशिष्ट




पहचान इसी प्लांट और अस्पताल से मिली है। उन्होंने कहा कि बीजीएच में विशेषज्ञ डॉक्टर की घोर कमी है। मरीजों का इलाज प्रशिक्षु डॉक्टर (डीएनबी) करते हैं। सीनियर सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं। रविवार को डॉक्टर नही रहते, चिकित्सीय मशीन तो नई खरीदी जाती है। लेकिन उसे उचित तरीके से उपयोग के लिए विशेषज्ञ की बहाली नहीं हो रही है। आउटसोर्सिंग से डॉक्टर, टेक्नीशियन, नर्स, सफाई कर्मी बहाल हैं। दवाई की गुणवत्ता अव्वल नहीं है। अच्छी खासी खर्चा के बाद भी शौचालय गंदे - टूटे पड़े हैं। उक्त कुव्यवस्था से तंग होकर मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। यदि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो, बीएसएल विद्यालयों के खंडहर में तब्दील भवन जैसा अस्पताल का खंडहर भवन भी शहर की शोभा बनकर रह जायेगी। उन्होंने कहा कि बीजीएच के गौरवमयी इतिहास से आमलोगों का विश्वास बीजीएच अस्पताल पर है। प्रबंधन बोकारो को स्वस्थ रखने के लिए बीजीएच की गुणवत्ता पर कोई समझोता नहीं करें। अच्छे डॉक्टर, तकनीशियन, संसाधन, स्टाफ उपलब्ध कराए।

## गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य: अमल

संवाददाता

**बोकारो।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने तथा शिक्षा व स्वास्थ्य की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के हाथों बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी प्रखंड के चंद्रा पंचायत निवासी प्रीति कुमारी की शादी हेतु संस्था की ओर से पांच हजार रूपए का चेक एवं एक साडी ग्रामीणों की उपस्थिति में लड़की के माता पिता के हाथों सौंपा गया। वहां उपस्थित सभी गांव वालों को बताते हुए प्रभारी ने कहा कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से शुरू करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व बंगाल में भी कार्य कर रही है। संस्था स्वास्थ्य मिशन



परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर का सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था का एक उद्देश्य यह भी है कि गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम किया जाय। ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो। इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोलने जा रही है। बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। ताकि महिलाएं अपने आप आत्मनिर्भर बन सकें। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है।मौके पर समाज बनमाली बाउरी, एसोसिएट रीता देवी, सुनीता देवी, सावित्री देवी के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## सीआईएसएफ जवान ने पत्नी की हत्या कर खुद भी कर ली आत्महत्या

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 8 सी निवासी 45 वर्षीय सीआईएसएफ जवान संजीत मंडल पर पत्नी विनीता की हत्या कर, स्वयं फंदे में झूलने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार सुबह सीआईएसएफ जवान का शव सेक्टर 11 स्थित झारखंडी मोड़ के समीप पेड़ पर झूलता पाया गया। जबकि पत्नी विनीता की मौत बीती रात हीं हो चुकी थी। हरला पुलिस ने पति-पत्नी दोनों का शव पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, इस घटना को लेकर पुलिस संजीदगी से जांच में जुट गई है। मृतक पुरुलिया जिला का निवासी था, जो पश्चिम बंगाल के हल्दिया में पोस्टेड था। मृतक की पत्नी और बेटा सेक्टर 8 सी में रहते थे। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पुरुलिया स्थित अपने पैतृक गांव रवाना हो गए।



### क्या है मामला

मृतका विनीता देवी की मां ने बताया कि 2008 में दोनों का विवाह हुआ था। दामाद संजीत सीआईएसएफ में कार्यरत था। हर घर की तरह पति-पत्नी में थोड़ी बहुत नोंक-झोंक होती थी। लेकिन सोमवार को अचानक बेटी ने फोन कर जल्दी आने को कहा। कहा कि ये मुझे मार डालेगा। जब तक हम लोग यहां पहुंचे बेटी मर चुकी थी। मृतक का एक 13 साल का पुत्र है। उसने पुलिस को बताया कि पिता ने उसकी मां को मारपीट कर बाथरूम में गला दबाया। जब विनीता मृत अवस्था में चली गई तो संजीत उसे उठाकर बीजीएच अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर हरला थाना इंस्पेक्टर अनिल कच्छप पहुंचे, जानकारी ली। इस बीच संजीत गायब हो गया। अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने पुलिस पर जल्द से जल्द संजीत की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर अनिल कच्छप ने बताया कि रात से हीं पुलिस संजीत की खोज में जुट गई। लेकिन संजीत नहीं मिला। अहले सुबह सेक्टर 11 क्षेत्र में फंदे से झूलते शव की सूचना मिली। बाद में संजीत मंडल के रूप में शिनाख्त हुआ। मामले की जांच जारी है।

## पैसे की लालच व शरारत सूझी तो घर से भागे पोंडा के चारों बच्चे



संवाददाता

**बोकारो।** कसमार थानाक्षेत्र के पोंडा गांव से 14 जून की सुबह से अचानक गायब चारों बच्चों को कसमार पुलिस एवं परिजनों के सहयोग से सकुशल बरामद कर सोमवार को परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया हारू रजवार भी मौजूद थे।

कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि बच्चों ने बताया है कि वे 14 जून को कमलापुर में मेन रोड किनारे स्थित एक दुकानदार ने अपनी दुकान व आसपास के घास फूस की साफ सफाई करने बुलाया था, जिसमें चारों बच्चे पैसे की लालच में घास छिलने घर से कुदाल लेकर निकले थे। इसी बीच सभी बच्चे पैदल हीं एक रिश्तेदार के घर काशीटांड़ पहुंच गए। इस बीच जब रिश्तेदार ने पोंडा में बच्चों के परिजनों को फोन कर सूचना दे दी तो बच्चे माता पिता से फटकार के डर से काशीटांड़ से भागकर डुमरी विहार स्टेशन पहुंच गए। चूंकि घर से भागे दो दिन बीत गए थे, इसलिए जब डुमरी विहार में बच्चों ने परिजनों को देख लिया तो सिर्फ शशिकांत हांसदा को परिजनों ने पकड़ लिया, लेकिन तीन बच्चे जंगल में भाग गए। किसी तरह रात बिताने के बाद जब 16 जून की दोपहर पुनः डुमरी विहार स्टेशन पहुंचे तो सभी बच्चों को परिजनों ने पकड़ लिया। इस बीच स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी खोजबीन में काफी मदद की।

## ड्यूटी के दौरान सीसीएल कर्मी की तबीयत बिगड़ी, मौत

### मृतक के आश्रित को कंपनी के प्रावधानों के तहत प्रोविजनल नियुक्ति पत्र सौंपा गया

संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा कोलियरी के केटगरी टू के पद पर कार्यरत 59 वर्षीय बाबूदास मांझी की सोमवार की दोपहर कार्यस्थल में काम करने के दौरान तबियत काफी बिगड़ गयी। जिनकी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। इसके बाद इस मामले में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनूप सिंह द्वारा सीसीएल मुख्यालय के वरीय अधिकारियों एवं कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक से पहल करने एवं अस्पताल परिसर में श्रमिक



प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन की हुई सकरात्मक वार्ता के पश्चात मृतक के एकलौते पुत्र 29 वर्षीय रामकिशोर मांझी को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र देने पर सहमति बन गयी। क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने खुद अस्पताल पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढंढस बंधाते हुए श्रमिक प्रतिनिधियों एवं मृतक की धर्मपत्नी के समक्ष आश्रित पुत्र रामकिशोर मांझी को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों में मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार, रामेश्वर कुमार मंडल, मथुरा सिंह यादव, टिकेत महतो, यदुनाथ गोप, कामोद प्रसाद आदि मौजूद थे। मृतक की धर्मपत्नी बसंती देवी के अनुसार उनके पति बाबूदास मांझी सुबह जनरल शिफ्ट में अपने कार्यस्थल पर चले गए थे। अपनी हाजिरी बनाने के बाद काम करने के दौरान लगभग 1 से 2 बजे दोपहर में उनकी तबीयत काफी बिगड़ जाने की उन्हें सूचना मिली। सहकर्मियों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया था।

जहां चिकित्सक डॉ निशा टोप्पो ने जांच के बाद बाबूदास को मृत घोषित कर दिया। वहीं बोकारो थर्मल पुलिस ने मृतक की धर्मपत्नी आदि परिजनों से आवश्यक पूछताछ की। देर शाम होने की वजह से पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही थी। बाबूदास मांझी पेटरवार थाना क्षेत्र के घरवाटांड चांपी स्थित पिठोरिया टोला के निवासी थे। कागजी प्रक्रिया में देर शाम होने की वजह से बाबूदास के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम करने के बाद मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। तब तक बाबूदास का शव सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में रखा गया है। मौके पर प्रबंधन की ओर से एसओपी जयंत कुमार, कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल सहित श्रमिक नेता मो नसीम, कृष्णा मांझी, देव नारायण यादव, यदुनाथ गोप आदि लोग मौजूद थे।

## चाकू बाजी की घटना में युवक घायल इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर

### एक्सीडेंट में मुआवजे के पैसे को लेकर हुआ हमला

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के गोड़ाबाली नीचे टोला में रॉड और चाकू से हमला कर एक 25 वर्षीय युवक को जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में संबंधित थाने में पांच युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि गोड़ाबाली के नीचे टोला निवासी विनीत राज सिंह, ट्रांसपोर्टर को स्थानीय युवक रितेश सिंह ने फोन कर धमकी दी। जिसे विनीत ने



हल्के में लिया और फोन करने वाले को अपने आवास के निकट बुला लिया। आवास के निकट आए युवकों ने रॉड और चाकू से विनीत पर हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। विनीत को इलाज के लिए जैना स्थित एक अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। घटना के संबंध में विनीत ने बताया कि कुछ माह पूर्व उनके बाइक से रितेश की बेटी का एक्सीडेंट हो गया था। जिसके इलाज के लिए उन्होंने करीब डेढ़ लाख रुपया भी अदा की। इसी को लेकर रितेश सिंह और रुपए रुपए की मांग कर रहा था।

इसी कारण से उनके ऊपर दबाव बनाने की मंशा से हमला किया गया। दूसरे पक्ष से रितेश सिंह की ओर से भी मामला दर्ज कराया गया है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल में 19 जून को यूरिक एसिड एवं न्यूरोपैथी की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जांच शिविर में डीवीसी कर्मचारियों, सप्लाई एवं कैजुअल मजदूरों, डीवीसी पेंशनर्स एवं गैर डीवीसी कर्मियों की निःशुल्क जांच की जाएगी। इसकी जानकारी हॉस्पिटल के डीजीएम हेल्थ डॉ एसके झा ने मंगलवार को दी।

### युवा व्यवसायी संघ ने किया बेरमो बीडीओ का स्वागत



**फुसरो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया के नेतृत्व में बेरमो प्रखंड के नये बीडीओ मुकेश कुमार का स्वागत किया। अध्यक्ष श्री चौरसिया ने बीडीओ श्री कुमार को कई जनसमस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल की साफ सफाई व सुविधा नहीं होने, सरकारी विद्यालयों व आंगनबाडी केंद्रों के कुव्यवस्था की जानकारी देते हुए समाधान करने की मांग की। जिस पर बीडीओ श्री कुमार ने मांगों पर जल्द पहले करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार जनसमस्याओं का समाधान करने के प्रयास में लगे हुए हैं। प्रखंड कार्यालय में जो भी आवेदन आ रहे हैं उसे तेज गति से कार्य का निष्पादन किया जा रहा है। संघ व जनता के सहयोग से जो भी समस्या हमारे समक्ष लाया जायेगा उसका निदान किया जायेगा। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में संतोष भगत, रोहित मित्तल, जीतेंद्र सिंह, ओमप्रकाश राजा, संतोष रवानी आदि मौजूद थे।

### बीएमएस का जिला मंत्री बनाने पर ललन मल्लाह का हुआ स्वागत



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी खास निवासी ललन मल्लाह को भारतीय मजदूर संघ का बोकारो जिला मंत्री बनाये जाने पर मंगलवार को ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल सीकेएस जीएम यूनिट के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। श्री मल्लाह ने प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है उस पर मैं निश्चित रूप से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक साथियों को एकजुट करना उनको मिनिमम वेजेस, बोनस, पीएफ ईएसआई मिले यह सुनिश्चित कराना, किसी भी स्थिति में श्रमिकों का शोषण ना हो यह निश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर जीएम यूनिट के सचिव सुवीर मुखर्जी, अध्यक्ष सोमनाथ मिश्रा, सीमा देवी, सुमिति कुमारी, ज्योति देवी, बंसती देवी, सरिता देवी, कौशल्या देवी, लक्ष्मी देवी, देवकी देवी, नीरा देवी आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मी घायल



**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-कथारा मुख्य मार्ग पर ढोरी ऑफिसर्स क्लब के समीप सोमवार की देर रात सड़क दुर्घटना में छप्परडीह निवासी 52 वर्षीय सीसीएल कर्मी काशी सिंह घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल ढोरी पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ० रोहित कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया। दुर्घटना में काशी सिंह का दोनों पैर फ्रैक्चर कर गया है। साथ हीं चेहरे पर भी चोट है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सीसीएल कर्मी काशी सिंह अपने आवास से सीसीएल बीएंडके एरिया ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी फुसरो की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी और करगली गेट की ओर भाग निकली। घटना की जानकारी मिलते हीं सीसीएल अधिकारी रणविजय सिंह, टुनटुन तिवारी, धनंजय रवानी आदि ने अस्पताल पहुंच कर घायल का सुध लिया। घायल काशी सिंह सीसीएल के बिजली विभाग में कार्यरत हैं।

### पिछरी में धूमधाम से की गयी मड़ई पूजा



**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के बीडीए कॉलेज पिछरी के समीप मड़ई थान में मंगलवार को ग्रामीणों ने धूमधाम से ढोल ढाक के साथ ग्राम देवता (मड़ई) की पूजा की। पुजारी भोला सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना कर अच्छी वर्षा एवं गांव-ग्राम में सुख समृद्धि व शांति की कामना की। यहां सभी टोलों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यहां लगभग तीन दर्जन बकरों की बलि दी गयी। पुजारी भोला सिंह ने बताया कि पिछले डेढ़ सौ वर्षों से यहां (मड़ई) ग्राम देवता की पूजा की जा रही है। कहा कि प्रत्येक वर्ष के आषाढ़ माह में ग्राम देवता की पूजा की जाती है।

# फिर मिली स्वर्ण व्यवसायी को धमकी, दिया आवेदन

संवाददाता

**बेरमो।** पुनः फुसरो बाजार के एक स्वर्ण व्यवसायी को सोमवार को व्हाट्सएप पर ऑडियो व रिकॉर्डिंग कॉल के माध्यम से धमकी व रंगदारी की मांग किये जाने पर मंगलवार को बेरमो थाना में आवेदन दिया। झरिया ज्वेलर्स के संचालक आदित्य कुमार ठाकुर ने थाने में दिये आवेदन में कहा कि मेरे प्रतिष्ठान झरिया ज्वेलर्स फुसरो बाजार में है।

कुछ दिन पहले 21 मई को मेरे मोबाईल नंबर 9934117604 के व्हाट्सएप दिन के 3:20 बजे अज्ञात मोबाईल नंबर +44 7445068263 से मैसेज आया था। जिसमें लिखा हुआ था हम मेजर बोल रहे हैं। 20 लाख रूपया कैश तुमको देना है। अगर पैसा नहीं दिया तो तेरा खोपडी खोल देंगे।

मोती अलंकार ज्वेलर्स तो बच गया लेकिन तुम नहीं बचेगा। इसके बाद दूसरी बार 17 जून को समय शाम 5:28 बजे से 5:59 बजे तक मेरे मोबाईल नंबर 9934117604 पर मोबाईल नंबर +44 7449692426 से धमकी भरा ऑडिओ कॉल मेरे मोबाईल पर आया। कॉल रिसिव करने पर बोला गया कि मैं मेजर बोल रहा हूं, कब तक पैसा देगा। 20 लाख रूपया दो नहीं तो जल्द तेरे पास आ रहा हूं। उन्होंने बेरमो थाना प्रभारी से अज्ञात मोबाईल नंबर से आये कॉल पर उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की। आवेदन की कॉपी बोकारो पुलिस अधीक्षक, कोयला नगर के डीआईजी, डीजीपी रांची, गिरिडीह सांसद और बेरमो विधायक को भी भेजी गयी है।

### पुलिस अपराधी को पकड चुकी है, जल्द होगा उद्भेदन : पुलिस

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फुसरो में हुई फायरिंग मामले में पुलिस अपराधी को पकड़ चुकी है। जल्द हीं पुलिस के द्वारा मामले का उद्भेदन किया जाएगा। घटना के बाद से हीं लगातार पुलिस, एसआइटी व एटीएस की टीम ने छापेमारी कर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। बेरमो एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह ने कहा कि फायरिंग मामले में अपराधी पकडे गये हैं। जल्द हीं मामले का उद्भेदन मीडिया के समक्ष किया जायेगा।

### एक सप्ताह में भी नहीं हुआ फायरिंग मामले का उद्भेदन

फुसरो बाजार के ज्ञान ज्वेलरी में 12 जून को हुई फायरिंग की घटना के बाद एक सप्ताह बाद भी मामले का उद्भेदन बेरमो पुलिस नहीं कर पायी है। इससे पहले 17 मई को फुसरो के मोती अलंकार ज्वेलर्स में भी हुए फायरिंग मामले का एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस उद्भेदन नहीं कर पायी है। फुसरो में एक माह के भीतर दो फायरिंग के मामले का उद्भेदन नहीं होने पर व्यवसायियों में रोष बढता जा रहा है। इसी बीच पुनः झरिया ज्वेलर्स के मालिक को भी अज्ञात अपराधी ने धमकी दी। युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष बैभव चौरसिया ने कहा कि दोनों ज्वेलरी दुकान में फायरिंग मामले का उद्भेदन जल्द नहीं हुआ तो व्यवसायियों के साथ बैठक कर चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा।

## लचर बिजली-व्यवस्था के खिलाफ विधायक आवास के सामने दिया धरना

### चोर-चोर मौसेरे भाई का खेल खेल रहे पक्ष-विपक्ष : अनिल



संवाददाता

**बोकारो।** चास-बोकारो की लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को बोकारो विकास फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह की अगुवाई में बोकारो विधायक बिरंची नारायण के घर के सामने धरना दिया गया। लोग अपने चेहरों को काली पन्नी से ढंककर धरना में शामिल हुए। श्री सिंह ने 72 घंटे में बिजली में सुधार न होने पर धरना की चेतावनी दी थी।

उन्होंने धरना में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने पार्टी के मेनिफेस्टो से उसे पाने को फाड़ कर फेंक दें, जिसमें उन्होंने लिखा है कि हम जनता को 24 घंटा बिजली और पानी मुहैया कराएंगे। श्री सिंह ने कहा कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर चोर-चोर मौसेरे भाई का खेल खेल रहे हैं और जनता की पिच पर 20-20 मैच खेल रहे हैं।

2014 में भारतीय जनता पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस पार्टी अपने मेनिफेस्टो में जनता को 24 घंटे बिजली देने का वादा किया, लेकिन 2014 से 2024 तक 10 वर्षों में लगातार 10 घंटा भी बिजली बोकारो विधानसभा क्षेत्र में नहीं रहती है, वहीं सरकार बिजली को खर्च करने के लिए बजट से ज्यादा पैसा खर्च करती है। विपक्ष एक भी सवाल सदन में नहीं पूछता। दोनों मिलकर राज्य की जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य की जनता को 24 घंटा बिजली नहीं मिलती है तो बहुत जल्द राज्य के मुख्यमंत्री से मिलकर 24 घंटे की बिजली की मांग की जाएगी नहीं तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी आवाज दिल्ली तक गूंजेगी। धरना में मुख्य रूप से फोरम के प्रधान महासचिव मुकेश सिंह, संयुक्त सचिव शिवकुमार जायसवाल, सचिन सिंह, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद शमशाद हुसैन, इरफान खान, वासुदेव कुमार, राजेश साहनी, विनोद टुडू, भीम कुमार, सुरेंद्र रजवार, विजेंद्र हेंब्रम, अजय कुमार महली, शकील खान आदि ने भी अपने विचार रखे।

## धर्म हमारी जीवन जीने की पद्धति है : विधायक



### संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय वार्षिकोत्सव संपन्न

संवाददाता

**जैनामोड।** बोकारो जिला अंतर्गत जैनामोड़ के रामगढ़ रोड स्थित श्री श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर बजरंगबली सेवा समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह सम्मिलित हुए। कमेटी के पदाधिकारियों ने उन्हें अंग वस्त्र, माला, बुके व पगड़ी देकर सम्मानित किया। साथ हीं अंगवस्त्र व माला से भोजपुरी सम्राट लाखन सिंह, भजन गायिका पम्मी शाण्डिल्य और स्थानीय थाना प्रभारी भी सम्मानित हुए। सभी लोगों ने संकट मोचन हनुमान जी से सुख समृद्धि की कामना की। अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने की। विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने आयोजन के लिए कमेटी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विधायक श्री सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म जीवन जीने की पद्धति है। सबों को अपने-अपने धर्म के प्रति आस्था और विश्वास रखनी चाहिए, तभी संस्कार बचेगा।

### कसमार में हुई पैक्स अध्यक्षों की बैठक

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों की बैठक मंगलवार को कसमार में सहकारी समिति, बेरमो अंचल के सहायक निबंधक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पैक्स के संचालन को लेकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान वैसे सभी पैक्सों, जहां अभी तक गोदाम का निर्माण नहीं हो पाया है, वहां 100 एमटी एवं 500 एमटी क्षमता वाले गोदाम निर्माण के लिए सरकारी जमीन चिन्हित करने एवं अंचल अधिकारी को एनओसी के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पांच एमटी क्षमता वाले सोलर कोल्ड रूम के लिए मधुकरपुर एवं दुगार्पुर पैक्स को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक निबंधक ने सभी पैक्सों को शीघ्र धान बीज उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। बैठक में कसमार पैक्स अध्यक्ष परमेश्वर नायक, मुरहुलसूदी पैक्स अध्यक्ष अवध किशोर, मंजूरा पैक्स अध्यक्ष विष्णु प्रसाद झा, हिसीम पैक्स अध्यक्ष श्यामलाल मांझी सोनपुरा पैक्स अध्यक्ष छोगालाल सिंह, टांगटोना पैक्स अध्यक्ष रामकिंकर महतो, मधुकरपुर पैक्स अध्यक्ष गणेश कुमार नायक, बरईकला पैक्स प्रबंधक विपिन मुंडा आदि शामिल थे।

## तेनुघाट एस्पेलवे के नीचे नहाने के क्रम में युवक डूबा



संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के बेलदार टोला निवासी लगभग 17 वर्षीय आजम अंसारी तेनुघाट एस्पेलवे के नीचे नहाने के क्रम में डूब गए। इसके बाद इस की सूचना उसके साथी घर पर दी, जो साथ में आए उसके सात साथी थे। समाचार लिखे जाने तक खेतको के गोताखोर द्वारा खोज जारी है। इस बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार ने खेतको के गोताखोरों को खबर कर बुलाया। मालूम हो कि 6 स्थानीय गोताखोरो के द्वारा डूबे हुए लड़के को खोजने के लिए प्रशासन के द्वारा लगाया गया है। डूबे हुए लड़के के साथियों ने भी साथ हीं उपर से छलांग लगाया था। डैम का 6 फाटक खुला हुआ था, हालांकि डैम का पानी लेवल कम होने के कारण पानी डैम से बहुत ज्यादा नही फेंक रहा था। बताते चलें कि यहां युवक डैम के ऊपर गार्डवाल से अपनी जान जोखिम में डाल कर छलांग लगाते हैं। बता दें कि जरा सी चूक मौत को आमंत्रण देता है। लाख मना करने पर भी युवक नहीं मानते हैं। वहीं जानकारी मिलने के बाद दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को बुलाने की बात कही। गोमिया विधायक डॉ० लंबोदर महतो भी पहुंच कर डूबे हुए लड़के के परिजनों को ढाढस बंधाया। साथ हीं उन्होंने कहा कि जल्द हीं एनडीआरएफ की टीम आकर डूबे हुए लड़के को तलाशने का काम करेगी।

## तीसरा मोर्चा का होने वाला है उदय : बेनीलाल

संवाददाता



**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा को भाजपा का झारखंड प्रभारी बनाया है जो झारखंड के जातीय समीकरण में कहीं नहीं आते हैं। जिसका लोकसभा चुनाव की तरह झारखंड विधानसभा चुनाव में दुष्परिणाम सामने आने वाला है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में झारखंड आंदोलन से जुड़े दलों का जल्द तीसरा मोर्चा उदय होने वाला है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने कांग्रेस को और आजसू पार्टी ने बीजेपी को नहीं छोड़ा तो आने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों दलों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही बाहरी पार्टी है। इन दोनों के खिलाफ झारखंडवासियों को आंदोलन करने की जरूरत है। कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों से झारखंड में स्थानीय नीति और बेरोजगारी हल होने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी पर कहा कि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड का कमान सौंपा है जबकि श्री मरांडी अपने समाज का दो-चार हजार वोट भी नहीं दिला सकते। 2003 में बाहरी-भीतरी के नाम पर लोगों को लड़ाया जिसे जनता आज भी नहीं भूली है। कहा कि सत्ता लोभी झामुमो तो कभी लालू प्रसाद, कभी कांग्रेस, कभी बीजेपी तो कभी घोटालेबाज निर्दलीय मधुकोड़ा के साथ सत्ता पर काबिज हुई। लेकिन झारखंड के लिए कुछ नहीं किया। उन लोगों से झारखंड से ना तो बेरोजगारी दूर होगी ना स्थानीय नीति बनेगी। इसलिए झारखंडवासियों को आने वाले विधानसभा चुनाव में सोच समझकर मतदान करना चाहिए।

## संगीत नाटक अकादमी द्वारा रजरप्पा मंदिर परिसर में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कला प्रवाह आज से

संवाददाता

**बोकारो।** संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली एवं मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति, रजरप्पा, रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 19-20 जून 2024 को मंदिर महोत्सव श्रृंखला के तहत शक्तिपीठ रजरप्पा में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कला प्रवाह का आयोजन हो रहा है। बुधवार व गुरुवार को संध्या 6 बजे से भैरवी नदी के तट पर सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्तिका के सामने झारखंड सहित देश के कई राज्यों से आये ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी कला प्रस्तुतियों से कलाप्रेमियों को आनंदित करेंगे। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादेमी भारत की कला के आध्यात्मिक ऊर्जा का केन्द्र मंदिर में कला प्रवाह कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ाने व पावन समाज की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा की पहल पर देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मंदिर महोत्सव श्रृंखला के दूसरे चरण में आयोजित हो रहे इस दो दिवसीय कला प्रवाह कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार को अकादमी के सचिव राजू दास व छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति, रजरप्पा के सचिव सुभाषित पंडा जी संयुक्तरुप से दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे। संगीत नाटक अकादेमी की ओर से इस कार्यक्रम के मीडिया को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार पाठक ने मंगलवार को बताया कि कला प्रवाह के प्रथम दिन 19 जून, बुधवार की शाम झारखंड के पं अभिराम पाठक व दल ध्रुपद गायन प्रस्तुत करेंगे जबकि झारखंड की सौमी सेन बोस व दल कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

### ध्रुपद गायन से समां बांधेगे पं अभिराम पाठक

**बोकारो।** संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा रामगढ़ जिला के रजरप्पा छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में 19-20 जून 2024 को आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कला प्रवाह - मंदिर उत्सव श्रृंखला में बुधवार, 19 जून को झारखंड के रांची के प्रसिद्ध ध्रुपद गायक पं अभिराम पाठक अपने गायन से समां बाधेंगे। इनके साथ पखावज पर बोकारो के पं राम वचन पाठक उर्फ पं बच्चनजी महाराज, हारमोनियम पर पं श्याम गोस्वामी, तानपूरा पर अनंदिता पाठक व शिवानी कुमारी संगति करेंगी। दो दिवसीय कला प्रवाह कार्यक्रम में झारखंड, मध्यप्रदेश, बिहार व पश्चिम बंगाल के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा गायन व नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

## चिन्मय विद्यालय दो-दिवसीय इन-हाउस कार्यशाला शुरू

# प्रभावशाली शिक्षा के लिए खुशहाल व उपयोगी कक्षाएं जरूरी : शर्मा

संवाददाता



**बोकारो।** रचनात्मक तरीके से शैक्षणिक माहौल बनाने तथा बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से स्थानीय चिन्मय विद्यालय में दो दिवसीय इन हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि, जो बच्चे स्कूल आते हैं, वे अपने दिन का ज्यादातर समय अपनी कक्षाओं में ही बिताते हैं। ऐसे में पढ़ाई और शिक्षा के प्रभावशाली होने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि कक्षाएं सुरक्षित, खुशहाल और उपयोगी हों। कई उपाय हैं, जिनकी मदद से शिक्षक कक्षा के माहौल को सकारात्मक बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि, किसी बच्चे को यदि हम शाबाशी देते हैं तो यह शब्द बच्चों में सकारात्मक रचना बनाने में सहायक होता है। छात्र और शिक्षक, अभिभावक और संतान, या फिर कोई भी और रिश्ता हो, प्रगति की हमेशा सराहना करें। छात्र जीवन में लक्ष्य तो निरंतर बदलता रहता है। परंतु जरूरत है कि बच्चों की प्रतिभा को जरूर पहचानें। छात्रों के अच्छे कार्य की सराहना अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि जब भी संभव हो, रचनात्मक तरीके से माहौल को बदलने के बारे में सोचें। सामान्यतः हमारी शिक्षा व्यवस्था हर बच्चे को एक ही सांचे में ढालना चाहती है। उद्दंडता का यह भी एक कारण हो सकता है, क्योंकि सब एक ही सांचे में ढल पाएं, ऐसा जरूरी नहीं है।

दूसरे सत्र में डॉ नमिता शर्मा ने सभी शिक्षकों को खुशहाल कक्षा की बारीकियों और महत्व को बताया। हर शिक्षक और हर छात्र अनोखा होता है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम को करते रहने के लिए छात्रों को प्रोत्साहन दें। अभिभावक एवं शिक्षक अधिकतर परिणामों और नतीजों पर ध्यान देते हैं, जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन, साथ ही तरीके या पद्धति को भी समान महत्व देना चाहिए। वहीं, राहुल रॉय ने अपने अनोखे अंदाज में फाइनेंस लिटरेसी पर कार्यशाला का संचालन कर सभी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों, दोनों के लिए फाइनेंस की सही जानकारी अवश्य होनी चाहिये। हम सभी के लिए बचत योजनाओं एवं निवेश की आदतों का सही अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने म्यूच्यूअल फण्ड, बचत, निवेश, खर्च, इनकम टैक्स रिटर्न्स के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, आरएन मल्लिक, उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार के साथ-साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बिजली सप्लाई ठप, कामगार परेशान

संवाददाता



फाइल फोटो

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के स्क्रेप वाले बी पावर प्लांट में कार्यरत कंपनी के मजदूरों द्वारा केबल काटने की घटना के बाद लगभग पौने नौ बजे से 15 एमवी के फीडर वन वाले आवासीय कॉलोनी की बिजली सप्लाई ठप पड़ी हुई है। बिजली की सप्लाई ठप रहने के कारण भीषण गर्मी में कॉलोनीवासियों एवं बाजार के दुकानदारों सहित विभिन्न ऑफिस के कामगारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पावर प्लांट के कामगारों का कहना था कि डीवीसी के विभागीय अधिकारियों एवं इंजीनियरों की पहल पर कंपनी द्वारा समय से काटे गए केबल की मरम्मत या बदलने का कार्य किया जाता तो अपराह्न चार बजे तक बिजली सप्लाई बहाल हो जाती, परंतु कंपनी के द्वारा एक बजे के बाद काटे गये केबल की मरम्मत या बदलने का कार्य आरंभ किया गया जिसके कारण शाम तक कार्य पूरा नहीं है ने की वजह से बिजली सेवा बहाल नहीं की जा सकी है। दूसरी ओर घटनास्थल पर आधा काटा गया 15 एमवी का केबल और केबल के बगल में ही जला हुआ हेक्सा ब्लेड पड़ा हुआ है। काटे गये केबल के ही बगल में 11केवी का भी केबल गुजरा है।

## एक नजर

### आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन



**धनबाद।** झरिया घनुआड़ीह में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा किए गए हैवी ब्लास्टिंग से वहां के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ हीं स्थानीय लोग घायल भी हुए हैं। इस अक्रोष में वहां के लोगों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। तब कंपनी के दबंगों ने उन पर लाठिया वषाईं और फायरिंग कर दी। जिसमे कई लोग घायल हो गए हैं। यहां तक कि महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। उन्हें धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। जिसकी सुचना मिलने पर धनबाद के लोकप्रिय सांसद माननीय ढुल्लू महतो घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार एवं वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनके हर सुख दुख में खड़े रहने का आश्वासन दिया। साथ हीं जिला प्रशासन से दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने को कहा।

### प्रखण्ड स्तर पर ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन के लिए बैठक आयोजित



**गिरिडीह।** जमुआ प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन की तैयारी के लिए एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जमूआ के बीडीओ कमलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा रक्त दान न केवल मानवता की दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी जरूरी है। कहा कि रक्त दान से बड़ा कोई दान नही। उन्होंने कहा कि उपायुक्त गिरिडीह के पत्रांक 1045 के निर्देश के आलोक में 26 जून को जमुआ में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करना है जिसमे सभी विभागों के कर्मियों को ब्लड देना भी है और बुद्धि जीवियों एजन प्रतिनिधियों व समाज के प्रबुद्ध लोगों को ब्लड डोनेट करने के लिए आग्रहपूर्वक प्रेरित करना है। बैठक में स्वास्थ्यए शिक्षाए मनरेगाए बाल विकासएअंचलए कृषि समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।इस बाबत बीडीओ ने कहा कि 26 जून को रक्तदान शिविर में सभी आम आवाम को भी आमंत्रित किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक ब्लड डोनेट हो जो जरूरतमंदों के काम आवे।

### शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**हजारीबाग।** शहर में ट्रैफिक समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई थी। बैठक में तय किया गया था कि मास्टर प्लान को धरातल पर उतारने के लिए शहर में 19 जून से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया था कि यदि सड़क के फुटपाथ पर दुकानदार स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो प्रशासन को हटाने में जो खर्च आएगी उसकी भरपाई अतिक्रमण करने वाले दुकानदार से की जाएगी। सड़क पर बेतरकीब ढंग से खड़ा किए गए वाहनों को जब्त किया जाएगा। ट्रैफिक समस्या को निजात दिलाने के लिए डीसी नैंसी सहायए एसपी अरबिंद कुमार सिंह के निर्देश पर जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक हुई थी।

### परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ



**झुमरीतिलैया।** ज्ञात हो की परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ससंघ का मंगल चातुर्मास दिल्ली में 2023 का संपन्न हुआ । इसके बाद दिल्ली से मंगल विहार जैन धर्म के सबसे बड़े तीर्थ सम्मेदशिखर जी की ओर हुआ रास्ते में प्रयागराजए बनारस गयाएओर कई जैन तीर्थ का दर्शन कर लगभग 2000 किलोमीटर की यात्रा करते हुवे आज धर्म नगरी झुमरीतिलैया में मंगल आगमन हुआ। रास्ते में भीषण गर्मी में भी मुनि श्री बिहार करते हुए चल रहे थे कोडरमा की धरती में आगमन के साथ नगर भ्रमण में समाज के द्वारा रास्ते मे कई जगह चरण वंदन ओर आरती की गई ।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# भवनों का नगर निगम से नक्शा पास हो: डीसी

संवाददाता




**धनबाद।** उपायुक्त धनबाद सह जिला समुचित प्राधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नए रजिस्ट्रेशन हेतु प्राप्त आवेदनोंए रिन्यूवल हेतु प्राप्त आवेदनों के अलावा अपग्रडे हेतु प्राप्त आवेदनों समेत गैर पंजीकृत केंद्रों पर रोक लगानेए एनजीओ द्वारा प्रचार.प्रसारए सरकारी संस्थानों में अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित करने पर समीक्षा की गई। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि समय.समय पर सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। जांच के दौरान यह अवश्य देखें कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित हो। सभी भवनों का नगर निगम से नक्शा पास हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उचित करवाई भी करें। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर एसओपी का पालन सुनिश्चित करने पर हीं उन्हें रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूवल के लिए आगे बढ़ाए। उपायुक्त ने कहा कि जिस यूजीसी सेन्टरए अस्पताल रजिस्ट्रेशन एवम रिन्यूअल के लिए अप्लाई करेंगे उनका क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में रेजिस्ट्रेशन एवं फायर सेफ्टी का एनओसी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सेन्टर पर रेडियोलाजिस्ट सोनोलॉजिस्ट अपने अपने सेंटर पर अपना समय और किस दिन सेवा दे रहे हैं उसे लिख कर प्रदर्शित करेंगे। जो भी सेन्टर में इंस्पेक्शन में ये नही पाए जाएंगे उनके उपर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत करवाई की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ० चंद्रभानु प्रतापनए जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंहए कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र ठाकुरए डॉ० विकास कुमार राणाए आरके श्रीवास्तव व अन्य चिकित्सा कर्मी एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक की गई। इस बैठक में संबंधित कम्पनियों को जनोपयोगी योजनाओं को प्रशासन को सूचना देकर करने का निदेश दिया गया। ताकि योजना की डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर चालू योजनाओं को समय से पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने पिछले पाँच वर्षों में जिला में संचालित कम्पनीयों के द्वारा किये गये कार्यों की विवरणी तथा एनुअल एक्शन प्लान के तहत कार्य योजना से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने चिकित्साए शिक्षा एवं पोषण से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर मद से कई अच्छे कार्य किए जा रहे है ।

## पुरुलिया से आरटीपीएस आसनसोल कोलकाता बस सेवा शुरू, कर्मियों के बीच खुशी का माहौल




संवाददाता

**कुमारधुबी।** डीवीसी रघुनाथपुर थर्मल प्लांट के कर्मचारियों सहित अन्य ग्रामीणों की सुविधा के लिये कामगर संघ के महासचिव पुष्पेंजित दास ने बंगाल के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती व शोभनदेब चट्टोपाध्याय विधायक सह अध्यक्षए डीवीसी कामगार संघ आईएनटीटीयूसी को लिख कर पुरुलिया से आरटीपीएस आसनसोल कोलकाता बस सेवा की शुरूआत करने की मांग की थी। जिसे परिवहन मंत्री के द्वारा मांग पूरा करने पर डीवीसी कर्मियों ने खुशी जाहिर की है। यूनियन के महासचिव पुष्पेंजित दास ने परिवहन मंत्री को पत्र देकर मांग की थी कि 600ग 2 मेगावाट वाले थर्मल प्लांट में करीब 500 मजदूरों के साथ 1000 ठेका व अन्य कर्मचारी काम करते हैं। वहीं भविष्य में परियोजना का विस्तार भी होना है। लेकिन मुख्य सड़क से 6 किलोमीटर दूर रहने के कारण लोगों को असुविधा होती है। यदि बसें परियोजना के मुख्य गेट से चले तो कर्मियों के साथ ग्रामीणों को भी फायदा होगा। परिवहन मंत्री ने मांग को स्वीकार करते हुए बस सेवा जारी कर दी। वही आरटीपीएस प्रबंधन बसों के खड़े रखने के निर्धारित स्थान के लिये शेड भी बनाने का आश्वासन दिया है। इसको लेकर आरटीपीएस के शाखा सचिव पुष्पेन महतो ने भी खुशी जाहिर की है।

### तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन

**हजारीबाग।** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अगस्त दिन मुनका बगीचा के प्रांगण में तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिससे पूर्व निर्जला एकादशी की संध्या पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा श्याम की जयकारों के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभमएरूपम के साथ रोहित शर्मा एवं कृष्ण अग्रवाल अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाएगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की भव्य ज्योत लिया जायेगाए वही बाबा श्याम का दरबार अद्भुत एवं अलौकिक श्रृंगार से सुसज्जीत होगाए छप्पन भोगए सवामणि भोग का लगाया जाएगा। यह भव्य आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट के विशेष सहयोग से किया जा रहा है वही श्री श्याम परिवार तुलसीधाम कोलकाता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधीए पारिवारिक विवादए ऑनलाइन रसीदए स्वास्थ्य संबंधित मामलेए राशन कार्डए आयुष्मान कार्डए मुआवजाए नौकरी के नाम पर ठगी के मामलेए बिजलीए पानीए सड़कए आंगनबाड़ी सहायिका का उम्र सीमा में छूट देने से संबंधितए बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## अनियंत्रित वेगनार कार पेड़ से टकराई एक ही परिवार के 6 लोग घायल

संवाददाता



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के तिसरी मंडरो मुख्य मार्ग में मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक हीं परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि झारखंड धाम मंदिर से पूजा कर के लौटने के दौरान वेगनार कार असन्तुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराईए जिसमें छः लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है।घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। जिसके बाद मामले की जानकारी तिसरी थाना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से तिसरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाइयर सेंटर रेफर कर दिया गया। सभी घायल परिवार तिसरी थाना क्षेत्र के हीं धोवापाट गांव के रहने वाले हैं। बताया गया कि सिंघो पंचायत के पूर्व मुखिया लेखराज यादव के पुत्र दिलीप यादव अपने परिवार के साथ एकादशी के अवसर पर पूजा करने झारखण्ड धाम मंदिर गए थे। वापसी के दौरान खिजुरी क्रेशर मोड़ के समीप वाहन असंतुलित होने से सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई। घायलों में दिलीप यादव का पुत्र अभिषेक कुमारए सरस्वती देवीए शिला देवीए फूलमंती देवी और बुधन यादव शामिल हैं।

## कृषि विज्ञान केंद्र में 17वीं पीएम किसान योजना की हुई शुरूवात

संवाददाता



**बलियापुर।** बलियापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के करकमलों द्वारा दीप प्रजवल्लित कर 17 वीं पीएम . किसान योजना की शुरूवात की गई। सांसद के साथ द्वीप प्रज्जविलत करने में कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी सह वरीय वैज्ञानिक डॉ० ललित कुमार दासए देवकांत प्रसाद वैज्ञानिकए ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवरए किसान लक्ष्मी देवी लोग शामिल हुए। वैज्ञानिक ललित कुमार दास ने सांसद को फूल का बुके एवं सॉल देकर कृषि विज्ञान केंद्र में स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इसके उपरांत घनश्याम ग्रोवर को भी फूल का बुके देकर स्वागत किया गया। अपने अभिभाषण में सांसद ने जातिएभाषाए बाहरी . भीतरी आदि का बोध हटाकर एक होकर राष्ट्र की सेवा भाव से प्रेरित होकर कार्य करने को कहा। महतो ने विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सादगीए आध्यात्म और देशप्रेम से ओतप्रोत रह कर देश सेवा एवं जन सेवा करने की बात कही जो सर्वोपरी है। सांसद ने आगंतुक सभी किसानों के साथ वाराणसी से प्रसारित प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना एवं कार्यक्रम के अंत में कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में फलदार इलाहबाद सफेदा अमरुद का पौधा लगाया। मौके पर डॉ० सीमा सिंह वैज्ञानिकए डॉ० राजीव कुमार वैज्ञानिकए रमन कुमार श्रीवास्तवए श्यामल सरकारए संजय कुमार के अलावा मुख्य रूप से किसानों में कुर्बान अंसारीए गरिधारी महतोए मीणा देवीए सीमा देवी सहित सैकड़ों किसान एवं भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### मिष्ठान भंडार की दुकान में विपक्षियों ने लगाया ताला, दुकान मालिक लगा रहे गुहार

# विपक्षियों ने मिष्ठान भंडार के मालिक को किया परेशान

संवाददाता



**गिरिडीह।** शहर के अंबेडकर चौक पर विवादित जमीन पर दो पक्षों में झड़प हो गई। इस दौरान काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। जिसके कारण आधा घंटा तक सड़क पूरी तरह से जाम हो गया। जाम में एंबुलेंस समेत कई वाहन फंस गए। नगर थाना पुलिस को सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंचकर मामला को शांत करवाया और सड़क जाम को भी खत्म किया। बस स्टैंड स्थित महाराजा मिष्ठान भंडार की संचालिका चेतना कुमारीए पिता स्व० रामावतार शर्मा ने बताया कि रंजीत स्वर्णकारए विकास स्वर्णकारए पिता भीम लाल स्वर्णकार तथा उसके अन्य परिवार के सदस्यों के द्वारा हमारे महाराज मिष्टान भण्डार के पश्चिम दिशा की दिवाल जो बस स्टैण्ड की सड़क की ओर है। उसको जे०सी०बी० या कुछ और तरीके से जबरन गिरा देने की धमकी तथा कामगार स्टाफ को फिर से अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर चौक स्थित महाराज मिष्टान भण्डार का संचालन अपने दादा के समय से पिछले 40 वर्षों से करती चली आ रही हूँ। 2 से 3 दिन पहले हमारे दुकान के पीछे से रंजीत स्वर्णकारए विकास स्वर्णकार तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा अपने अर्द्धनिर्मित मकान में काम पर लगाए हुए अज्ञात गुण्ड़ों को भेजकर उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज मुकदमा गिरिडीह नगर थाना काण्ड संख्या 218६2023 ६ केस उठाने तथा दुकान का पश्चिमी दिवाल दिन रात के अन्धेरे में जे०सी०बी० वगैरह से गिराने की धमकी दी गई है। जिससे दुकान में काम करने वाली और रात को दुकान मे सोनेवाले कामगारो की जान चले जाने और हमारा लाखों का नुकसान हो जाने की आशंका बनी हुई है। आवेदन देने के बाद भी कोई भी प्रशानिक करवाई नही हुई है और भी ज्यादा लंबा और चौड़ा सुरंग बना कर दुबारा से दीवाल ढाहने व जमीन धंसाने का प्रयास कर रहे हैं।अभियुक्त गण कभी भी घटना को अंजाम दे सकते है। चेतना ने पुलिस अधीक्षकए नगर निगम व नगर थाना प्रभारी से अभियुक्तो के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरा पक्ष भीम ज्वेलर्स के मालिक विकास स्वर्णकार ने कहा कि अंबेडकर चौक पर एक जमीन है जो मेरा है। विकास स्वर्णकार ने बताया कि महाराजा मिष्ठान भंडार की चेतना कुमारी द्वारा जबरजस्ती काम लगवा दिया गया।

## संयुक्त मोर्चा के आंदोलन ने मृतक के पुत्र को दिलाया नियोजन

संवाददाता



**कुमारधुबी।** बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना में बीते छरू जून को राजेंद्र राम नामक मजदूर की डियूटी के दौराण अचानक तवियत बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें सेंट्रल अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए दुगार्पुर रेफर कर दिया था। इसके बाद लगभग 11 दिनों तक इलाज के बाद 17 जुन को चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद 18 जून को संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में परिजन को नियोजन देने की मांग पर राजेंद्र राम के पार्थिव शरीर को दहीबाड़ी परियोजना में रख कर विरोध प्रदर्शन किया गया। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने बताया कि राजेंद्र राम इलेक्ट्रीशियन के पद पर पदभार में थे। छः जून को ड्यूटी आने के बाद अचानक तबियत बिगड़ने से उन्हें सेंट्रल अस्पताल भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा दुगार्पुर भेजा गया। जहां 11 दिनों के बाद उनकी मृत्यु हो गई। वह अपने पीछे पत्नी चिंता देवीए पुत्री ज्योतिए बड़े पुत्र विपिन प्रसादए छोटे पुत्र कुंदन प्रसाद को छोड़कर गए हैं। वहीं पूरे मामले में प्रबंधन ने नैतिकता दिखाते हुए तत्काल बड़े पुत्र विपिन को नियोजन पत्र सौंपा।

## सुभाषितम्

**मनुष्य का दिमाग ही सब कुछ है, जो वह सोचता है वही वह बनता है। - गौतम बुद्ध**

# हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत का जरूरी है स्मरण


प्रो.संजय द्विवेदी

पंडित माधवराव सप्रे, हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य में लगभग भुला दिए गए महानायक हैं। भारतबोध और भारतीयता के सबसे प्रखर प्रवक्ता स्प्रे हमारे स्व को जगाने वाले लेखक हैं। हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत माधवराव सप्रे को याद करना उस परंपरा को याद करना है, जिसने देश में न सिर्फ भारतीयता की अलख जगाई वरन हिन्दी समाज को आंदोलित भी किया। उनके हिस्से इस बात का यश है कि उन्होंने मराठीभाषी होते हुए भी हिन्दी की निरंतर सेवा की। अपने लेखन, अनुवाद, संपादन और सामाजिक सक्रियता से समाज का प्रबोधन किया। 19 जून,1871 को मध्य प्रदेश के एक जिले दमोह के पथरिया में जन्मे सप्रे जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। आज के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र तीन राज्य उनकी पत्रकारीय और साहित्यिक यात्रा के केंद्र रहे।

**(153 वीं वर्षगांठ/19 जून/ विशेष)**

छत्तीसगढ़ मित्र, हिन्दी केसरी के माध्यम से पत्रकारिता में किया गया उनका कार्य अविस्मरणीय है। उनकी देशज चेतना, भारत प्रेम, जनता के दर्द की गहरी समझ उन्हें बड़ा बनाती है। राष्ट्रोत्थान के लिए तिलक जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोकव्यापीकरण करते हुए वे एक ऐसे संचारक रूप में आते हैं, जिसने अपनी जिंदगी राष्ट्र को समर्पित कर दी। सप्रे जी की बहुमुखी प्रतिभा के बहुत सारे आयाम और भूमिकाएं थीं। वे हर भूमिका में पूर्ण थे। कहीं कोई अधूरापन नहीं, कच्चापन नहीं। सप्रे जी को लंबी आयु नहीं मिली। सिर्फ 54 साल जिए, किंतु जिस तरह उन्होंने अनेक सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की, पत्र-पत्रिकाएं संपादित कीं, अनुवाद किया, अनेक नवयुवकों को प्रेरित कर देश के विविध क्षेत्रों में सक्रिय किया वह विलक्षण है। 26 वर्षों की उनकी पत्रकारिता और साहित्य सेवा ने मानक रचे। पंडित रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविंददास, गांधीवादी चिंतक सुंदरलाल शर्मा, द्वारिका प्रसाद मिश्र, लक्ष्मीधर वाजपेयी,माखनलाल चतुर्वेदी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय,मावली प्रसाद श्रीवास्तव सहित अनेक हिन्दी सेवियों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। जबलपुर की फिजाओं में आज भी यह बात गूंजती है कि इस शहर को संस्कारधानी बनाने में सप्रे जी ने एक अनुकूल वातावरण बनाया। जिसके चलते जबलपुर साहित्य, पत्रकारिता और संस्कृति का केंद्र बन सका। 1920 में उन्होंने जबलपुर में हिन्दी मंदिर की स्थापना की, जिसका इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने में अनूठा योगदान है।

हिन्दी पत्रकारिता में उनका गौरवपूर्ण स्थान है। सन 1900 के जनवरी महीने में उन्होंने छत्तीसगढ़ के छोटे से कस्बे पेंड्रा से 'छत्तीसढ़ मित्र' का प्रकाशन प्रारंभ किया। दिसंबर, 1902 तक इसका प्रकाशन मासिक के रुप में होता रहा। इसे प्रारंभ करते हुए उसके पहले अंक में उन्होंने लिखा-"संप्रति छत्तीसगढ़ विभाग को छोड़ एक भी प्रांत ऐसा नहीं है, जहां दैनिक, साप्ताहिक, मासिक या त्रैमासिक पत्र प्रकाशित न होता हो। आजकल भाषा में बहुत सा कूड़ा-करकट जमा हो रहा है वह न होने पावे इसलिए प्रकाशित ग्रंथों पर प्रसिध्द मार्मिक विद्वानों के द्वारा समालोचना भी करे।" यह बात बताती है कि भाषा के स्वरूप और विकास को लेकर वे कितने चिंतित थे। साथ ही हिन्दी भाषा को वे एक समर्थ भाषा के रुप में विकसित करना चाहते थे, ताकि वह समाज जीवन के सभी अनुशासनों पर सार्थक अभिव्यक्ति करने में सक्षम हो सके। कुछ पत्र लंबे समय तक चलते हैं पर पहचान नहीं बना पाते । 'छत्तीसगढ़ मित्र' की प्रकाशन अवधि हालांकि बहुत कम है, किंतु इस समय में भी उसने गुणवत्तापूर्ण, विविधतापूर्ण सामग्री को प्रकाशित कर आदर्श संपादकीय, लेखकीय परंपरा को निर्मित करने में मदद की, वह भी एक ऐसे इलाके से जहां इसकी कोई पूर्व परंपरा नहीं थी। बत्तीस पेज की यह पत्रिका समग्रता के साथ आती है, जिसमें कथा, कहानी, समाचार, प्रार्थना, पत्र, नीति विषयक बातें, उपदेशपरक और व्यंग्य परक लेख, समीक्षाएं प्रकाशित होती थीं। सप्रे ने जी ने संपादकीय तो नहीं लिखे किंतु समाचारों के अंत में सुझाव के रुप में एक वाक्य जाता था। एक साल के बाद इसका स्वरूप पूरी तरह साहित्यिक हो गया और समाचारों प्रकाशन इसमें बंद हो गया। इस मासिक पत्र के प्रकाशक अधिवक्ता वामनराव लाखे थे और सप्रे जी के साथ संपादक के रूप में रामराव चिंचोलकर का नाम भी जाता था। इस पत्र की गुणवत्ता और सामग्री को बहुत सराहना मिली। उस समय के प्रमुख अखबार भारत मित्र( कोलकाता) ने लिखा कि "इस पत्र के संपादक एक महाराष्ट्रीयन हैं तथापि हिन्दी बहुत शुद्ध लिखते हैं। लेख भी बहुत अच्छे होते हैं। हम आशा करते हैं कि मध्य प्रदेश वासी इस पत्र को बनाए रखने की चेष्ठा करेंगें।" अभावों के चलते यह यात्रा बंद हो गयी और सप्रे जी नागपुर के देशसेवक प्रेस में काम करने लगे। वहीं पर सप्रे जी ने जीवन के कठिन संघर्षों के बीच 1905 में हिन्दी ग्रंथ प्रकाशन-मंडली की स्थापना की। इसके माध्यम से हिन्दी भाषा के विकास और उत्थान तथा अच्छे प्रकाशनों का लक्ष्य था।

लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के कार्यों से प्रभावित सप्रे जी ने 13 अप्रैल,1907 से 'हिन्दी केसरी' का प्रकाशन आरंभ किया। भारतबोध की भावना भरने, लोकमान्य तिलक के आदर्शों पर चलते हुए इस पत्र ने समाज जीवन में बहुत खास जगह बना ली। राष्ट्रीय जागरण की भावना से ओतप्रोत इस पत्र में देश के जाने-माने पत्रकारों का सहयोग रहा। बताते हैं कि मुंबई के प्रख्यात पत्रकार जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल, सप्रे जी के आग्रह पर उस समय के प्रमुख अखबार 'श्रीवेंकेटेश्वर समाचार' के संपादक की नियमित नौकरी छोड़कर नागपुर चले आए और 'हिन्दी केसरी' से जुडे। संपादक शिरोमणि महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती के मई, 1907 के अंक में लिखा-"हिन्दी केसरी निकल आया। अच्छा निकाला। ...आशा है इस पत्र से वही काम होगा जो तिलक महाशय के मराठी पत्र से हो रहा है। इसके निकालने का सारा पुण्य पंडित माधवराव सप्रे बी.ए. को है। महाराष्ट्री होकर भी हिन्दी भाषा पर आपके अखंड और अकृत्रिम प्रेम को देखकर उन लोगों को लज्जित होना चाहिए, जिनकी जन्मभाषा हिन्दी है, पर जो हिन्दी में एक सतर भी नहीं लिख सकते, अथवा न ही लिखना चाहते हैं।" बहुआयामी प्रतिभा के धनी सप्रे जी अप्रतिम लेखक, गद्यकार, अनुवादक और कोशकार के रूप में हिन्दी की सेवा करते हैं। उनमें हिन्दी समाज की समाज की समस्याओं, उसके उत्थान को लेकर एक ललक दिखती है। वे भाषा को समृद्ध होते देखना चाहते हैं। हिन्दी निबंध और कहानी लेखन के क्षेत्र में वे अप्रतिम हैं तो समालोचना के क्षेत्र में भी निष्णात हैं। हिन्दी साहित्य में एक साथ कई परंपराओं को विकसित करना चाहते हैं। उसमें आलोचना की परंपरा भी खास है। उनके लिए कोई विषय अछूता नहीं है। वे हिन्दी की सार्मथ्य को बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। सप्रे जी ने उस समय की लोकप्रिय पत्रिकाओं में 150 से अधिक निबंध लिखे। छत्तीसगढ़ मित्र में 6 कहानियां लिखीं।

## आधुनिक भारत के सच्चे निर्माता कौन है

विश्व के सबसे बड़े व प्राचीन प्रजातंत्र भारत में इन दिनों एक बहस की शुरूआ हो गयी आधुनिक भारत के र्निमाता स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी है या कोई और है।आधुनिक भारत के निमार्ता का सरताज का असली हकदार नेहरू जी ना हो कर-सन 2014 के बाद में ही भारत को आजादी मिली व आधुनिक भारत का नव निर्माण कार्य शुरू किया है। सर्व विदित रहे कि स्वतंत्र लोकतंत्र की स्वस्थ्य प्रम्पराओ में स्वस्थ्य चर्चा होना अच्छी बात है।लेकिन बिना सिर पैर के कही, कुछ भी चर्चा के नाम बहस करना है लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। भारत को 1947 में आजादी नही मिली बल्कि 2014 में भाजपा के कुशल नेतृत्व में मिली है।आज हम अपने इस आलेख में चिन्तन मनन कर रहें है।क्या जो देश सदीयों से गुलामी के बेड़ियो म जकड़े था। वर्षो रहने के बाद आखिरकार हमारा देश स्वतंत्र हुआ। यह जग जाहिर था हमारी वास्तविक स्थिति राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर क्या रही होगी।

आजादी के पूर्व कुछ लोग आज भी साक्षी है।अंग्रेजो ने हमें आजादी तो दी,लैकिन देश को चलाने के लिए ना तो कोई संसाधन ना कोई धन का श्रोत। हां 1947 में हमारे देश को दो टुकड़े कर अंग्रेजो ने दो भाई में एक दुशमनी की दीवार खड़ी कर दी। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री व राजनेताओ के समाने देश को सुचारू रूप से चलाने व भारत की एक नई पहचान अन्तराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कोई आसान काम नही था। ऐसे विषय परिस्थित में मै यहां कुछ घटनाओं का उल्लेख कर रहा हूं। बात सन 1950 के दशक के आखिरी साल थे। स्वतंत्र भारत प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू चाहते थे कि देश की राजधानी नई दिल्ली के मध्य में विदेशी दूतावासों तथा उच्चायोगों के लिए जगह निकाला जाए। आप को स्पष्ट कर दें कि उस समय अमेरिकी, ब्रिटिश, पाकिस्तान वगैरह देशों के दूतावास बंगलों या छोटी जगहों से चल रहे थे। इसके बाद शहरी विकास मंत्रालय तथा नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) ने नेहरू जी के सपनों को साकार करते हुए जगहों को विकसित किया जिसे चाणक्यपुरी के नाम से लगा। यह नाम स्वयं नेहरू जी ने खुद चाणक्यपुरी नाम तय किया था। इसके पीछे पं. नेहरू की गहन सोच थी कि कूटनीति, अर्थनीति, राजनीति के महाविद्वान थें, जिन्होने अपने ज्ञान का सदुपयोग, जनकल्याण तथा अखंड भारत के निर्माण जैसे सृजनात्मक कार्यो में करने के कारण चाणक्य के प्रति सारा देश कृतज्ञ रहता है। उन्हें ही कौटिल्य भी कहा गया। आप को स्पष्ट कर दे कि चाणक्य और कौटिल्य दोनों एक हैं। जो चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधान सलाहकार थे।


राजधानी के इसी डिप्लोमेटिक एरिया चाणक्यपुरी की एक खास सड़क का नाम पंचशील मार्ग रखा गया है। इसके पीछे तर्क यह थी कि भारत-चीन के बीच रहने वाली तनातनी के चलते पंचशील शब्द बेमानी हो गया है। लैकिन इन दोनों देशों ने विश्व कूटनीति को पंचशील का सिद्धांत दिया। पंचशील मार्ग 1960 में दिल्ली के नक्शे में आया था। पंचशील शब्द मूलतः बौद्ध साहित्य व दर्शन से जुड़ा शब्द है। चौथी-पांचवी शताब्दी के बौद्ध दार्शनिक बुद्धघोष की पुस्तक विशुद्धमाग्गो में पंचशील मतलब, पांच व्यवहार की विस्तृत चर्चा है जिस पर बौद्ध उपासकों को अनुसरण करने की हिदायत दी गई है। पंचशील में शामिल सिद्धांत थे राष्ट्रवाद, मानवतावाद, स्वाधीनता,सामाजिक न्याय और ईश्वरआस्था की स्वतंत्रता। इतने महत्वपूर्ण शब्द पर राजधानी की एक खास सड़क का नाम रखा जाना सुखद है।

## चिंतन-मनन

### श्रद्धा से मिलता है ज्ञान

एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भर्त्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा- शाछ्रा कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे? पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा-पिताजी! आप मुझे किसे दान में देंगे? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा। बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवत्ता है, उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं। श्रद्धावान व्यक्तिं स्वाभाविक रूप से योग्यता रखता है चूंकि उसके पास तर्प नहीं होते। नचिकेता संकल्लित मन से यमराज की चौखट पर बैठ गया। यमराज ने कहा-तू तीन दिन से मेरे द्वार पर बैठा है, बड़ा हठी है। मांग क्या मांगना चाहता है? इस पर बालक नचिकेता ने कहा-मैं मृत्यु का भेद जानने आया हूं। जन्म-मृत्यु क्या है, यह भेद मुझे बता दीजिए। यह सुनकर यमराज हतप्रभ हो गए। उन्होंने बालक नचिकेता के समक्ष ढेरों प्रलोभन रखते हुए कहा-तुम चप्रवर्ती सम्राट बनने, पृथ्वी पर प्रतिष्ठत और पूजित होने अथवा स्वर्ग की संपूर्ण संपदा प्राप्त करने का वर मांग लो। भला तुम्हारे इन प्रश्नों में क्या रखा है ? बालक नचिकेता ने कहा-महाराज ! मुझे यह सब कुछ नहीं चाहिए। मुझे वही चाहिए जिसके बारे में मैंने आपसे पूछा है। यमराज मजबूर हो गए। श्रद्धा उसे भी कहते हैं जिसके सामने जगत के सारे आकर्षण गौण हो जाएं। श्रद्धा का एक अर्थ यह भी है कि जागतिक आकर्षण गौण हो जाएं। श्रद्धा का एक अर्थ यह भी है कि जागतिक आकर्षण आपके सामने शिथिल हो जाएं। श्रद्धा के बल पर ही बालक नचिकेता ने सब कुछ प्राप्त कर लिया।

# साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार शक के घेरे में!


डॉ. सत्यवान सौरभ

कुछ दिन पहले केंद्रीय साहित्य अकादमी (अकादेमी) द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाइयों के साथ- साथ, जैसे अकादमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है।




नियम -3 के बिन्दु (6) में स्पष्ट लिखा है कि 24 भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबद्ध भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें। नियम 7 - विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो।

आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आए हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किए उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी?


प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाएं अप्रतिम और विलक्षण हैं, इसमें संदेह नहीं होना चाहिए।

याद दिला दूं कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आई है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'कर्फ़्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद।

पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है। इस विषय पर शोध करने के दौरान पाया कि पुरस्कृत लेखक की पुस्तक 30 अगस्त 2023 को प्रकाशित हुई और 31 अगस्त 2023 आवेदन की अंतिम तिथि थी। एक दिन में स्वयं लेखक महोदय पुस्तक प्रकाशक से लेकर साहित्य अकादमी के कार्यालय कैसे पहुंचा दिए? क्योंकि साहित्य अकादमी की प्रेस विज्ञप्ति में साफ-साफ लिखा है कि ₹आवेदक को पुस्तक की दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करानी होगी।

साहित्य अकादमी से अनुरोध है कि इसपर गौर फरमाया जाए और तुरन्त कार्रवाई करते हुए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 की घोषणा वापस ली जाए। नए सिरे से पुरस्कृत युवा की नई घोषणा की जाए। यह अन्य समर्थ युवा लेखकों के साथ ज्यादती है। यह तो बहुत गंभीर मामला है, पारदर्शिता का दावा करने वाली अकादमी के लिए बहुत ही अपमानजनक भी, लेखकों को संज्ञान लेना चाहिए, अकादमी सचिव, अध्यक्ष से जवाब तलब करना चाहिए। सुशांत जी, आपने प्रमाण सहित जो साहित्य अकादमी की पोल खोली है उस पर सभी साहित्यकारों की दृष्टि जानी चाहिए। अब इन पुरस्कारों का कोई मूल्य नहीं रह गया। क्या इनके सदस्य भी प्रायोजित होते हैं और निर्णायक भी। कम से कम साहित्यिक पुरस्कारों को पारदर्शिता अवश्य रखनी चाहिए। उचित लेखन का मूल्यांकन करके ही पुरस्कार घोषित होने चाहिए।

# मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम


ऋतुपर्ण दवे

मोदी मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं?

इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। मंत्रिमंडल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं?

## आज का राशिफल

**मेष** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कन्या** : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला** : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक** : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**धनु** : कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मकर** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**कुंभ** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मीन** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

## सूडोकु नवताल- 7101

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## बोरिंग में पानी नहीं फिर भी लगा दिए जलमीनार

# नल जल योजना की उच्च स्तरीय जांच हो : कौशल किशोर

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी होटाई पंचायत के हरिजन टोला व मंडप टोला के बीच में नल जल योजना की एक टंकी चापाकल में लगाई गई है जबकि चापाकल में पानी ही नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जितना बोरिंग हुआ उससे कम पाइप डाला गया जिसके वजह से पानी नहीं निकल रहा है। इस भीषण गर्मी में यहा के स्थानीय ग्रामीण जनता डेढ़-दो किलोमीटर दूर से पानी ढोकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीण जब किसी दूसरे के कुएं या चापाकल में पानी भरने के लिए जाते हैं तो दो-चार बात सुनना पड़ जा रहा है। पानी खत्म होने के डर से पानी भरने के लिए मना भी कर देते हैं। खुद का तो जीवन यापन किसी भी तरह कर रहे हैं सबसे ज्यादा दिक्कत माल मवेशी को हो गया है। पशुओं को तो चारा खिला दे रहे लेकिन पानी पिलाने में दिक्कत हो रही है। सरकार जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक चुपी साधे हुए हैं।



इस जल संकट में जनता का सुनने वाला कोई नहीं साल भर पहले हुए इस चापाकल की बोरिंग में नल जल योजना की टंकी पाइपलाइन सब फिट हो गया लेकिन एक बूंद पानी की मवसर नहीं हुआ लाखों रुपए के इस नल जल योजना में एक बाल्टी पानी भी मवसर नहीं हो रहा है। ऐसी योजना का क्या फायदा बंद कर देनी चाहिए यह लूट तंत्र वाली योजना हताश और परेशान ग्रामीणों ने इसकी शिकायत आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बचन से किया। कौशल किशोर बचन ने समाचार व मीडिया के माध्यम से प्रशासन व जनप्रतिनिधियो से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द जल संकट की समस्या को दूर करें व फर्जी नल जल योजना की जांच कर उचित कार्रवाई करें। नल जल योजना फेल नजर आ रहा है ऐसे योजना में पैसा बर्बाद करना उचित नहीं इस से बेहतर होता कि ग्रामीण क्षेत्रों में बरसाती नदी नाला को बांध कर पानी की सप्लाई कर देते सिचाई के साथ-साथ पीने के लिए भी पर्याप्त हो जाता है।

**जल्द से जल्द जल संकट की समस्या को दूर करें व फर्जी नल जल योजना की जांच कर उचित कार्रवाई करें**

# नीट परीक्षा गड़बड़ी से गरीब एवं मिडिल क्लास के बच्चों का भविष्य अंधकार में : भाकपा

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य ने नीट पेपर लीक मामले को व्यापम से भी बड़ा घोटाला बताया है । उन्होंने कहा कि से 10 वर्ष पहले मध्य प्रदेश में व्यापम घोटाला बहुत बड़ा घोटाला हुआ था जिसके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान थे और भाजपा के राज पाठ में ही या बड़ा घोटाला हुआ।

उसके बाद भाजपा की सरकार चली गई और आज मोदी के राज पाठ में नीट के बच्चों के परीक्षा देने की पात्रता परीक्षा नीट में पूरे देश स्तर में बहुत बड़ा घोटाला हुआ जिससे यह साबित हो गया कि 59 बच्चों ने 720 में 720 नंबर लाया लेकिन अभी तक मोदी सरकार एवं देश के शिक्षा मंत्री इस विषय पर चुप्पी सादे हुए हैं कुछ बोल नहीं रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में केस दर्ज हुआ है लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है ऐसी स्थिति में बच्चों का भविष्य अंधकार में चला गया और देश के 28 लाख से अधिक निट प्रतियोगिता देने वाले छात्रों के समक्ष बेबसी एवं लाचारी नजर आ रही है कितने छात्रों ने आत्महत्या कर लिया।



इसका कोई निदान अभी तक सरकार ने नहीं निकला जो बहुत गंभीर विषय है आए दिन नीट के एग्जाम में भारी गड़बड़ी सुनने को मिलता है लेकिन यह इस वर्ष का सबसे बड़ा गड़बड़ी है जिसमें अरबों रुपया का पैसा का खेल हुआ है और इस पैसा से पेपर को बेचा गया जिससे यह साफ साबित हो रहा है कि गरीब मिडिल क्लास के बच्चे डॉक्टर की पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। ऐसी स्थिति में अभी भी माननीय सुप्रीम कोर्ट पर ही आम जनता की विश्वास बनी हुई है।

## एक नजर

### अस्पताल का आरो मशीन खराब, पीने के पानी के लिए भटक रहे मरीज एवं परिजन



**मेदिनीनगर।** इस भीषण गर्मी में सदर अस्पताल में पानी की किल्लत से मरीज और परिजन काफी परेशान हैं। पानी के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा हैं। अस्पताल में लगा एक भी आरओ मशीन काम नहीं कर रहा है। ना ही उसमे पानी की सुविधा है। इमरजेंसी कक्ष के सामने लगा आरो मशीन कई महीनो से खराब पड़ा है। स्थिति यह है कि मरीज और मरीज के परिजन बाहर दुकान से बोतल का पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। अस्पताल के कर्मी भी घर से बोतल में पानी लेकर आ रहे हैं और अपनी प्यास बुझा रहे है। मरीज व कर्मियों की समस्या से अब तक अधिकारी अनभिज्ञ हैं। वही मंगलवार को सदर अस्पताल में पैर का इलाज कराने पहुंची छतरपुर गांव की महिला विमला देवी ने बताया कि अस्पताल में आधे घंटे से पानी खोज रहे हैं परंतु कहीं नहीं मिल रहा।

### विश्रामपुर प्रखंड के केतात पंचायत में अनियमितता की भेंट चढ़ा जल नल योजना

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के केतात कला पंचायत में अति महत्वाकांक्षी योजना जल नल संवेदक की लापरवाही के कारण अनियमितता की भेंट चढ़ गया। संवेदक के द्वारा सारे नियम कानून को धता बताकर कार्य किया जा रहा है। सप्लाई के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन और बोरिंग के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किसी भी प्रकार का संबंध में स्थापित नहीं किया गया। संवेदक के द्वारा जैसे तैसे कार्य को गति दी गई। संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से स्थल चयन करते हुए बोरिंग भी महज 200 फीट तक अधिकतर जगह किया गया। कहीं-कहीं दबाव बनाने पर 300 फीट तक बोरिंग किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता नवीन कुमार चौबे ने कहा कि 6 -6 घरों के बीच में दो-दो जल मीनार लगाया गया है। कहीं-कहीं 20 से 25 घरों के बीच में भी जल मीनार नहीं लगा है। जल मीनार में लगाया जा रहा पाइप और मोटर भी घटिया गुणवत्ता वाला है।

### जनता से किया गया एक-एक वादा पूरा करने का प्रयास : कमलेश



चीर प्रतीक्षित बलरा सरसोत सड़क के बटाने नदी पर पुल निर्माण जल्द होगा शुरू

**हरिहरगंज।** प्रखंड के बलरा सरसोत सड़क में बटाने नदी पर चीर प्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य करने की निविदा निकलने से क्षेत्र वासियों में हर्ष है। मीडिया को जानकारी देते हुए हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पुल नहीं रहने से लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने झारखंड सरकार से करीब पांच करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की निविदा निकलवा दी गई है। छह माह में कार्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की लगभग सभी सड़को के काया कल्प करने का काम इस वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के नकारात्मक रवैया के बावजूद काफी प्रयास कर धरातल पर योजनाओं को उतारा जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा विकास कार्यों में गड़बड़ी की जाती है तो उसकी सूचना जरूर दें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### सुल्तानी गांव के समीप एनएच 139 पर सड़क हादसा में विक्षिप्त महिला की हुई मौत



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 सुलतानी गांव के समीप सड़क हादसा में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सोमवार की रात्रि एक 35 वर्षीय महिला की ?मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। घटना की जानकारी मिलते हीं पिपरा थाना के एसआई नकुल कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया। जानकारी देते हुए नकुल शर्मा ने मंगलवार को बताया कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। जिसे पहचान के लिए पिपरा थाना परिसर में रखा गया है। प्रशासन को इंतजार है कि कोई महिला की पहचान कर शव को ले जाए। महिला विक्षिप्त थी, जिसकी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई।

## इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

# शब्दों में विष घोलना समाज के लिये घातक: उपायुक्त

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच के अवसर पर मंगलवार को सूचना भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार व जिले के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने इतने अच्छे व गंभीर विषय पर कार्यशाला का आयोजन करने को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह विषय इतना महत्वपूर्ण है कि इस विषय के बारे में बच्चों को अवगत कराना बेहद आवश्यक है। अगर हम बच्चों को छोटे उम्र से ही हेट स्पीच के बारे में बतायेंगे तो बड़े होकर वे इस विषय से दूर रहेंगें। उन्होंने कहा कि घृणास्पद भाषण लोकतंत्र के सिद्धांत को खतरे में डालते हैं, जो लोकतांत्रिक देश में सामाजिक व्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि घृणा और पूर्वाग्रह कभी-कभी व्यक्तियों या समूहों के धर्म, जाति, रंग और जातीय मूल या विकलांगता और बुढ़ापे के आधार पर उत्पन्न हो सकते हैं और दैनिक जीवन में हिंसा के विभिन्न रूपों में बदल सकते हैं जो कहीं से उचित नहीं है।





उन्होंने कहा कि हेट स्पीच विभिन्न माध्यमों से फैलता है या यूं कहे फैलाया जाता है और इसके रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के मुताबिक भी हम किसी के प्रति हेट स्पीच नहीं दे सकते हैं जिसका अनुश्रवण हम सबको करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शब्दों में विष घोलना अच्छे समाज के लिये घातक है। उन्होंने सभी पत्रकारों से कहा कि आप सभी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं ऐसे में हेट स्पीच को खत्म करने में आप सब की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने सभी से अपने-अपने स्तर से हेट स्पीच का प्रतिकार करने पर बल दिया। इसके पूर्व सभागार में आये विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने आज के विषय पर प्रकाश डालते हुए इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच का इतिहास कहां से यह विषय की उत्पत्ति हुई, आज के दौर में इसकी क्या महत्ता है व भविष्य में यह कितना महत्वपूर्ण विषय है इन सभी बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि आज इंटरनेशनल डे फॉर कॉउंटरिंग हेट स्पीच का तीसरा वर्षगांठ है।

### विभिन्न पत्रकारों ने भी रखे अपने-अपने विचार

कार्यशाला में मेदिनीनगर के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फैयाज अहमद ने कहा कि हेट का उलटा शब्द लव होता है। उन्होंने हेट स्पीच नहीं बल्कि लव स्पीच के प्रसार करने की बात कही साथ ही हेट स्पीच को फारवर्ड न करने पर बल दिया। इसी तरह वरिष्ठ पत्रकार प्रेम प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान में भी आपस में भाईचारगी निभाने की बात कही गयी है ऐसे में ढाईअक्षर का प्रेम से हेट स्पीच को काउंटर किया जा सकता है। इसी तरह संजय पांडे ने कहा कि वर्तमान में हेट स्पीच प्रासंगिक है।नागेंद्र शर्मा ने कहा कि आज इस सूचना भवन के प्रशाल में हम सभी हेट स्पीच का प्रतिकार करने के लिये एकत्रित हुए हैं। यह सुखद एहसास है।इसी तरह संजय सिंह उमेश ने हेट स्पीच का प्रतिकार अपने घर से प्रारंभ करने की बात कही।

### महिला ने युवक को पीट कर किया घायल

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज पुलिस लाइन के पीछे एक महिला ने नारायण ठाकुर के पुत्र अंशु कुमार ठाकुर को मंगलवार की दोपहर सिर में लाठी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल अंशु कुमार को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसके सिर में तीन टांके लगे हैं। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं मौके पर उपस्थित घायल के परिजनों ने बताया कि घायल अंशु कुमार महिला के बेटी के साथ फोन पर बात करता था। मंगलवार की दोपहर महिला ने अपनी बेटी को अंशु से बात करते हुए पकड़ लिया। इसके बाद महिला अंशु के घर पहुंच कर उसके सिर में लाठी से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल के परिजन अस्पताल में अंशु का इलाज करवाने के बाद मामला दर्ज कराने शहर थाना पहुंचे हैं।

## पानी एवं बिजली की समस्या को लेकर 22 को भाजपा समाहरणालय के समक्ष करेगी प्रदर्शन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिजली-पानी के मुद्दे को लेकर भाजपा 22 जून शनिवार को आक्रोसपूर्ण प्रदर्शन करेगी। इसमे सांसद सहित सभी विधायक शामिल होंगे। इसे लेकर आज जिला कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने किया। बैठक में प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें प्रदर्शन को मेदिनीनगर काली मंदिर के सामने एरिगेसन ऑफिस के मैदान से सुबह 10 बजे शुरू करने का निर्णय लिया गया, जो रेड़मा चौक होते हुए ओवर ब्रिज के रास्ते कचहरी चौक होकर जिला समाहरणालय तक जाएगी जहां कार्यालय का घेराव एवं आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली और पानी की घोर कमी से पलामू की जनता त्राहिमाम कर रही है जनता त्रस्त है और सरकार मस्त है, सरकार के पदाधिकारी बेलगाम हो चुके है।



प्रशासन बालू लगी ट्रैक्टरों से वसूली में लगी है, यहां तक की जो लोग साइकिल से बालू ले जा रहे हैं, उन्हें भी प्रशासन नहीं छोड़ रही है उनसे भी पैसे वसूल रही है और राज्य सरकार संवेदनहीन बनी बैठी है। पिछले 10 दिनों से लगातार बिजली की बेतहाशा कटौती की जा रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित तो हो ही गई है, लोग रात में सो भी नहीं पा रहे हैं। जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान ठप से पड़ गए हैं। एक-एक बूंद पानी के लिए जिले में लोग तरस रहे है टैंकर से एक बाल्टी पानी लेने के लिए लोग दिन दिन भर इस भीषण गर्मी में इंतजार कर रहे हैं। बालू का घोर संकट पूरे जिले में फैला हुआ है किलो के भाव से बालू बिक रहे हैं कितने मजदूर बालू की कमी के कारण बेरोजगार होकर दूसरे राज्य में पलायन कर रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास का कार्य बालू की कमी के कारण पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

## बिजली समस्या से त्रस्त ढेला के ग्रामीणों ने विधायक से लगायी गुहार

संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला गांव में बीते एक माह से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली समस्या से त्रस्त ग्रामीण समस्या समाधान के लिए मंगलवार को पांकी विधानसभा के विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता को ग्रामीणों ने गुहार लगाई और 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग पत्र विधायक को सौंपा। इस दौरान मुखिया पति वीरेंद्र कुमार ने विधायक को बताया कि एक महीने से ढेला गांव बिजली समस्या से जूझ रहा है। बिजली रहते हुए भी लो-वोल्टेज के कारण ढिबरी युग में जी रहे हैं। पंखा कूलर और मोटर चलना तो दूर मोबाइल चार्ज करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर के लिए पोल खड़ा किया गया है। परंतु कनिय अभियंता के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार वहां 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की बात हो रही है। जिस पर 200 से ऊपर घर का कनेक्शन का लोड है। लोगों ने बताया कि 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगने से समस्या बना रह जाएगा।



अतः वहां 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। ग्रामीणों के मांग पर मौके पर विधायक ने विद्युत विभाग के जीएम से दूरभाष पर बात की। उन्होंने ढेला के ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराते हुए 100 केवीए के जगह पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर लगवाने को कहा। जिस पर जीएम ने विधायक को आस्वस्त किया कि ढेला में 200 केवीए का हीं ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस दौरान विधायक के द्वारा कनिय अभियंता को भी दूरभाष पर ढेला गांव में 200 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े रिपोर्ट आगे बढ़ाने को कहा। साथी कहा कि बिजली समस्या को लेकर ग्रामीण काफी कष्ट में है। जितना जल्द हो सके नया ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों का समस्या का समाधान करें। मौके पर संजीव, चंद्रधान, रितेश कुमार, भोला गुप्ता, राजू कुमार, चिकू कुमार, हैदरअली, मुतुर्जा समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## आबादगंज को ड्राइजोन बनाने का दु:साहस किया गया है : आशीष

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आबादगंज हमारे शहर का सबसे पुराना ड्राइजोन एरिया इसीलिए ही है क्योंकि यहां का सबसे पुराना जलश्रोत चिनीगिया आहर के अस्तित्व को खत्म कर दिया गया। अपने निजी स्वार्थ हेतु इस आहर को भरकर शहर के सबसे पुराने मोहल्ले को प्यासा रहने पर मजबूर कर दिया गया है। लघभग घरवाले शहर छोड़कर अपने गांव पलायन कर गये है और अगर यही दशा रहा तो ओ दिन दूर नहीं की पूरा मोहल्ला पलायन करने को मजबूर हो जाएगा। आबादगंज के इस पुराने तालाब को फिर से पुर्नजीवित करने की जरुरत है। सरकार अगर रोड हेतु, रेलवे हेतु भूमि अधिग्रहण कर सकती है तो हमे प्राण देने वाले जल को संरक्षित करने वाले जलश्रोतों को भी जरूरत पड़े तो अधिग्रहण कर हमारा जान बचाये, हमें पानी मुहैया कराये। यह क्षेत्र पेयजल संकट के कारण ड्राईजोन के रुप में जाना जाता है और ऐसे क्षेत्र में तालाब का अतिक्रमण क्षेत्र वासियों के साथ अन्याय है।यह कहना है पलामू के युवाओं के आवाज आशीष भारद्वाज का। पानी यात्रा के सातवें दिन युवाओं की टोली आबादगंज क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी। इस दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि यह क्षेत्र कई वर्षों से पेयजल समस्या से घिरा हुआ है लेकिन जिला प्रशासन के लापरवाही व निष्क्रियता के कारण आज तक निराकरण नहीं हुआ। श्री भारद्वाज ने बताया की 'पानी यात्रा' को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पानी यात्रा का उद्देश्य कोई राजनीति नहीं है और इसमें शामिल लगभग युवा अपने अपने रोजगार में व्यस्त रहने के बावजूद सुबह का चार -पांच घंटा सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में देते हैं।



# हुसैनाबाद की सड़कों पर ही सजती हैं दुकानें रोज लगता है जाम, हादसे की आशंका

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद शहर की प्रायः सभी सड़कों पर ही दुकानदारों व बाइक तथा वाहनों का अघोषित पड़ाव है। जहां पड़ाव बनाया गया है, वहां एक भी वाहन नहीं रहता है। इस मामले में यहां के लोग पूर्व में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को आज भी याद करते हैं जिन्होंने यहां पड़ाव की व्यवस्था की थी और शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया था।कुछ हद तक वह सफल भी हुए थे। अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन कुछ दिन बाद ही यह बेअसर हो जाता है। कुछ दिन पहले हुसैनाबाद में मुख्य सड़क पर अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया था जिसका फलाफल शून्य रहा। नतीजतन शहर की सड़कों पर हर दिन जाम लगना आम बात बन गई है। किसी दिन इन अतिक्रमण के कारण बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के शहर स्थित मुख्य सड़कों के बगल में राहगीरों के चलने के लिए पेवर ब्लॉक से सड़क का कायाकल्प किया गया था।



लेकिन शहर के इन फुटपाथों को अतिक्रमणकारियों ने पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया है। हुसैनाबाद शहर में दो सौ से अधिक फुटपाथ दुकानदार रोजाना सड़क पर ही दुकान लगाते हैं। साथ ही शहर के मेन बाजार में चार पहिया वाहन के प्रवेश पर भी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इस संबंध में मोड़ पर केवल साइन बोर्ड लगाया गया था। जयप्रकाश चौक से लेकर गांधी चौक तक हुसैनाबाद (जपला) का मेन बाजार है और अगर इसमें चार पहिया वाहन प्रवेश करने लगता है तो मुख्य सड़क जाम हो जाती है।

दुकानों के सामान आधी सड़क किनारे रखे जाते हैं। उसके बाद दुकान में जो खरीददार होते हैं, उनकी बाइक वहीं पर लगी मिलती है। इसपर चारपहिया वाहन भी प्रवेश कर जाता है तो जगह कहां से मिलेगी। जयप्रकाश चौक से गांधी चौक तक की मुख्य सड़क पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है। यहां सैकड़ों फल और सब्जी का ठेला सड़क पर बेतरतीब तरीके से लगाई जाती हैं, जिससे राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

मुख्य सड़क ही सब्जी मार्केट में तब्दील हो चुका है। दूसरी ओर फुटपाथी दुकानदारों का भी अपना रोना है। चूंकि जपला में अलग से कोई बाजार का स्थान निर्धारित नहीं है। जबकि बाजार के नाम पर लाखों रुपये की वसूली नगर पंचायत द्वारा की जाती है। अपने जीविकोपार्जन के लिए सड़क पर ही लोग दुकान लगाने को विवश हैं। क्योंकि सरकार व प्रशासन की ओर से अब तक इनके लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। मजबूरन सड़क के किनारे या बीच में कहीं भी जहां जगह मिली। वहीं अपनी दुकान लगा लेते हैं, ताकि दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर सकें। इस कारण पैदल चलनेवालों के लिए भी सिरदर्द हो जाता है।

एक नजर

### ममता बनर्जी ने अनंत महाराज से की मुलाकात



**कोलकाता।** राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीजेपी के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज के घर पहुंचीं। स्थानीय लोग अनंत महाराज के घर को श्महलश कहते थे। अनंत मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए घर के बाहर इंतजार कर रहे थे। जब ममता वहां पहुंची तो अनंत उसका स्वागत करने के लिए दौड़ पड़े। राजबंशी उत्तरी गले में पहना दिए। हाट में राजबंशी पारंपरिक गुआ पान सौंपा। संयोग सेए कड़ी लड़ाई के बाद तृणमूल ने कूचबिहार सीट जीत ली। वोट के नतीजों के विश्लेषण से पता चलता है कि बंशीवेदन बर्मन के पास जो राजबंशी वोट थाए जो कि तृणमूल के पक्ष में थाए वह तृणमूल को चला गया और यहां तक कि अनंत के वोटों को भी तृणमूल ने रोक दिया है। इसी सिलसिले में राज्य के मुख्यमंत्री अनंत के घर पहुंचे। लेकिन राजनीति के मैदान में नए समीकरण का संकेत क्या हैघ् तृणमूल से भरा खेमा उत्तर बंगाल को अपना नया घर बनाने के लिए बेताब है।

### नदी में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित बखरी पंचायत के वार्ड नंबर 13 में सुमौती नदी में डूबने से सगे भाई.बहन की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की है। मृतकों की पहचान बखरी निवासी राजू साह की पुत्री सोनी कुमारी ;10द्ध व पुत्र संजीत कुमार ;08द्ध के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक राजू साह के दोनों बच्चे सुमौती नदी के किनारे खेलने गए थे। खेलने के बाद दोनों नदी में स्नान करने उतर गयेए जहां दोनों गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। दोनों को डूबते देख साथ गए बच्चों के शोर मचाने के बाद ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और आनन.फानन में स्थानीय पीएचसी ले गएए जहां से डॉक्टरों ने मोतिहारी रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कल्याणपुर थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना के बाद दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित कार ने टेम्पो को मारी टक्कर महिला की मौत

**नवादा।** जिले में रजौली थाने इलाके में मंगलवार को हरदिया के सेक्टर .ए. एनएच .20 के समीप कार और टेम्पो में जबरदस्त भिड़ंत हुई है। जिसमे टेम्पू चालक और उसमें सवार महिला और उसके पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गये थे। अस्पताल पहुंचते ही घर महिलाओं की मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नवादा की ओर से कार संख्या .जेएच.10 बीएल 6819 तेज गति से आ रही थी और जैसे ही हरदिया सेक्टर ए पहुँची वैसे ही रजौली जा रही टेम्पू में जोरदार ठोकर मार दिया ।जिससे टेम्पो चालक सहित उसमे सवार महिला और उसके 15 माह के पुत्र बुरी तरह से जख्मी हो गया।घायलों में टेम्पो चालक हरदिया सेक्टर डी निवासी पिंटु कुमार और जख्मी महिला व उसके पुत्र की पहचान चितरकोली निवासी नेहा देवी और उसके 15 माह के पुत्र नंदन कुमार के रूप में की गई है।

### बीमा भारती के बेटे की गिरफ्तारी के लिए पटना स्थित आवास पर पुलिस की छापेमारी

**पटना।** पूर्व विधायक बीमा भारती के पटना स्थित आवास पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस पूर्णिया के भवानीपुर में दो जून को व्यवसायी गोपाल यादुका की दिनदहाड़े हुई हत्या मामले में बीमा भारती के बेटे को गिरफ्तार करने पहुंची थी लेकिन उनका बेटा वहां नहीं मिला। पुलिस के अनुसार बीमा भारती के पुत्र राजा कुमार ने ही व्यवसायी की हत्या के लिए पांच लाख की सुपारी दी थी। इस मामले में मंगलवार सुबह पटना स्थित बीमा भारती के आवास पर रुपौली थाना की पुलिस पहुंची।धमदाहा एसडीपीओ संजीव गोल्डी ने बताया कि पूर्व विधायक के पुत्र का नाम सामने आया है। इस मामले में गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है। भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार के मुताबिक जमीन ब्रोकर संजय भगत भी हिरासत में लिया गया है। बीमा भारती ने पूरे मामले में उनके बेटे को फंसाने की बात कही है। इसके पहले रुपौली में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजद से टिकट पाने के लिए बीमा ने राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव से आज मुलाकात की।

### ओटोबिक्स ने कोलकाता में अपने शुभारंभ की घोषणा की

**कोलकाता।** प्री.ओन्ड कारों के लिए एक अभिनव ऑटोटेक नीलामी मंचए ओटोबिक्स ने कोलकाता में अपने भव्य शुभारंभ की घोषणा की। अमित पारेख द्वारा स्थापित और संचालितए ओटोबिक्स का उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिताए दक्षता और निष्पक्षता लाकर प्री.ओन्ड कार बाजार को बदलना है। प्री.ओन्ड कार सेगमेंट में पारंपरिक रूप से एग्रीगेटर्स और डीलरों द्वारा 10.15ः मूल्य मार्कअप के साथ काम किया जाता हैए जिससे खरीदारों के लिए कीमतें बढ़ जाती हैं और विक्रेताओं के लिए कम रिटर्न मिलता है। ओटोबिक्स इस मानदंड को 5ः से कम मार्कअप करके यह सुनिश्चित करता है कि खरीदार और विक्रेता दोनों को उचित बाजार मूल्य मिले।

# रंगापानी रेल दुर्घटना में मौतों का आंकड़ा बढ़कर हुआ 11

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** रंगापानी रेल दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मंगलवार को एक घायल बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम स्नेहा मंडल है। सोमवार को रंगापानी में कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। घटना में 6 की मौत हो गई थत। जबकि 47 यात्री घायल हो गए थे। घायलों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहींए सिलीगुड़ी से अपने परिजनों के साथ अपने घर मालदा लौट रही स्नेहा मंडल हादसे में घायल



हो गई थी। बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। आज सुबह इलाज के दौरान घायल बच्ची की मौत हो गई।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉण संदीप सेनगुप्त ने कहा कि ट्रेन हादसे में कई घायलों को छुट्टी दे दी गई है। हालांकिए जो लोग भर्ती हैं उनकी हालत स्थिर है। वहींए सुबह घायल एक बच्ची की मौत हो गई है। दुर्घटना में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है।

## रेलयात्री की शिकायत पर जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से 13 कार्टन पानी जब्त

एजेंसी

**सहरसा।** सहरसा.नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन में मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान सहरसा से समस्तीपुर के बीच चलाया गया। एसीएम आरके सिन्हा के नेतृत्व में चेकिंग विभाग की टीम सहरसा से समस्तीपुर तक वैशाली एक्सप्रेस मे जांच करती गई। समस्तीपुर से सहरसा तक वैशाली एक्सप्रेस के प्रत्येक कोच को जांच करते हुए अधिकारी और चेकिंग विभाग की टीम सहरसा जंक्शन पहुंची।वही पूर्णिया कोर्ट से सहरसा होकर अमृतसर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से रेलयात्री की शिकायत पर लोकल ब्रांड का 13 कार्टून पीने का पानी जब्त किया।इस ट्रेन के एक कोच में साइड वेंडर वालों ने यात्रियों की बैठने वाली सीट पर खानपान की चीज और पानी का बोतल रखकर आधे कोच पर अपना कब्जा जमा लिया था।वही बैठने की सीट नहीं मिलने पर कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत रेल प्रशासन से की। इसके बाद समस्तीपुर डीसीआई राजेश रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने यात्रियों की शिकायत पर जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन की जांच की। इस दौरान यात्रियों की बैठने वाली सीट पर से सभी सामान को नीचे उतारा गया।वही ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचना स्वीकृत है। जबकि जन सेवा एक्सप्रेस में साइड वेंडर वालों ने बिना स्वीकृत ब्रांड डॉभ एक्वा को ट्रेनों में बेचने के लिए चढ़ाया गया थाए जबकि यह ब्रांड सिर्फ स्टेशन पर ही बेचने की अनुमति दी गई है।

## दरभंगा ने रेस्ट ऑफ सेन्ट्रल जॉन को 17 रनों से किया पराजित




एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में भागलपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय स्व० रणधीर वर्मा अंतर जिला सुपर लीग अंडर.19 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दरभंगा ने रेस्ट ऑफ सेन्ट्रल जॉन को 17 रनों से पराजित कर दिया। इसके पूर्व दूसरे दिन के खेल में दरभंगा की टीम ने 90 ओवर में अपने 9 विकेट खोकर 350 रन का लक्ष्य खड़ा किया और 142 रन से बढ़त ले लिया। बल्लेबाजी में भाषवान ने 109 रनए अभिषेक ने 96 रन और जयशंकर ने नाबाद 50 रन का योगदान दिया। रेस्ट ऑफ सेंट्रल जोन की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने 5 विकेट सुमन ने तीन विकेट चटकाए। जवाब में बल्लेबाजी करनी उतरी रेस्ट ऑफ सेन्ट्रल जॉन कि टीम अपनी दूसरी पारी में 32ण्4 ओवर में 125 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 17 रनों से मैच हार गई। गेंदबाजी में दरभंगा की ओर से अनिकेत अमित राज ने 7 विकेट और आरव झा ने तीन विकेट चटकाए। इस तरह दरभंगा ने मैच को जीत लिया और 6 अंक हासिल किया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका में बीडीसीए पैनल के अंपायर शुभम कुमार और आशुतोष सिंहा थे। बीसीए के द्वारा नियुक्त स्कोरर शिवम कुमार और डिजिटल स्कोरर अंकित अमृत राज थे। अगला मैच गुरुवार को रेस्ट ऑफ सेन्ट्रल जॉन बनाम रेस्ट ऑफ अंगिका जॉन के बीच खेला जाएगा।

## रक्सौल रेलवे स्टेशन पर मोबाइल छीनकर भाग रहे दो झपटमार गिरफ्तार





एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल रेल पुलिस ने मोबाइल छिनतई करते दो झपटमारों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर अपने ट्रेन का इंतजार करते यात्री रामजी प्रसाद से इन दोनो झपटमारो ने मोबाइल छीन भागने लगे। जिसके यात्री रामजी प्रसाद के द्वारा शोर करने पर प्लेटफार्म पर तैनात रेल पुलिस ने दोनों झपटमारों को रंगे हाथ धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रक्सौल थाना क्षेत्र के नवका टोला निवासी समीर हुसैन व दूसरा उसी गांव का राकेश कुमार के रूप में हुई है। उसके पॉकिट का जांच किया गया तो उनके पॉकिट से एक और चोरी का मोबाईल बरामद किया गया। लौरिया निवासी रामजी प्रसाद ने बताया कि अपनी माता का इलाज कराने आये हुए थे इलाज कराकर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे तभी दो युवक मेरे हाथ से मोबाइल छीन भागने लगे तब तक पुलिस के द्वारा उन्हें पकड़ा गया। वही जीआरपी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को कागजी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## बदमाशों ने लूटी फसल चली कई राउंड गोलियां

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के विक्रमशिला पुल के नीचे मंगलवार को बदमाशों ने हथियार के बल पर मकई के फसल को लूट लिया। विरोध करने पर किसान के ऊपर बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की है। इधरए घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। पिछले तीन घंटे से पुलिस वहां पर कैंप कर रही है। उल्लेखनीय है कि गणेश यादव ने विक्रमशिला पुल के नीचे अपने खेत पर मकई का फसल लगाया था। बदमाशों ने जबरदस्ती फसल उनके सामने लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दीए जिसके बाद पीड़ित किसान गणेश यादव वहां से जाने बचाते भागने में सफल रहा। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह अपने सदल बल



के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद अंचलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। फिलहालए पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुटी हुई है। पीड़ित किसान गणेश यादव का कहना है कि बरारी के ही रहने वाले प्रदीप यादवए बोका यादव और पुनपुन यादव अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। तीनों ने मेरे ऊपर तीन राउंड फायरिंग की है। मेरे आंख के सामने फसल लूट कर फरार हो गया। उन्होंने पुलिस पर भी आरोप लगाया कि इसको लेकर पहले कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह ने बताया कि घटनास्थल पर हम लोग कैंप कर रहे हैं।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं- समर्थकों ने बिप्लब देब की कार को रोककर विरोध प्रदर्शन किया

संवाददाता

**कोलकाता।** चुनाव बाद हिंसा में बेघर लोगों से मिलने के दौरान भाजपा प्रतिनिधिमंडल को विरोध का सामना करना पड़ा। डायमंड हार्बर के अल्ताबेरिया इलाके में इलाके के बीजेपी कार्यकर्ताओं समर्थकों ने बिप्लब देब की कार को रोककर विरोध प्रदर्शन किया। उनके निशाने पर बीजेपी के डायमंड हार्बर संगठनात्मक जिले के अध्यक्ष हैं। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद से ही राज्य के कई हिस्सों से अशांति की खबरें आ रही हैं। कहीं भाजपा प्रभावित है तो कहीं तृणमूल। स्थिति का जायजा लेने के लिए भाजपा का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को शहर पहुंचा। वे रात में माहेश्वरी भवन में बेघरों से बात किये। वे मंगलवार सुबह दक्षिण 24 परगना गये थे। सबसे पहले उन्होंने बिष्णुपुर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात की। इसके बाद वह डायमंड



हार्बर के अल्ताबेरिया जा रहे थे। रास्ते में बीजेपी कार्यकताओं ने उनकी गाड़ी रोक ली। वे गुस्से से आगबबूला हो गये। उन्होंने शिकायत की कि चुनाव के बाद उन पर लगातार हमले होने के बावजूद पार्टी के स्थानीय नेता उनके साथ खड़े नहीं हुए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर संगठनात्मक जिले के अध्यक्ष ने तृणमूल से हाथ मिला लिया है। पार्टी कार्यकताओं ने अमतला स्थित बीजेपी पार्टी कार्यालय में ताला लगा दिया। संयोग सेए इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लप देब ने रविवार को दम दम हवाई अड्डे पर कदम रखकर हिंसा का विरोध किया। उन्होंने कहा बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से त्रिपुरा में कोई राजनीतिक हत्या नहीं हुई है। बंगाल मेंए भाजपा की केंद्रीय पार्टी राज्य में चुनाव के बाद आतंकवाद लेकर आई।श प्रतिनिधिमंडल के एक अन्य सदस्य रविशंकर प्रसाद का दावा हैए श्वोट के बाद बंगाल में हिंसा ही हिंसा है।श एयरपोर्ट से वे सीधे माहेश्वरी भवन पहुंचे। वहां केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बेघरों से बात की। अभाव की शिकायतें सुनीं। उन्होंने उनके साथ रहने का वादा किया।

## चुनाव बाद हिंसा पर डीजी ने हाईकोर्ट को दी रिपोर्ट

**कोलकाता।** राज्य ने चुनाव के बाद शिंहसाश मामले में कोलकाता उच्च न्यायालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। राज्य पुलिस डीजी संजय मुखर्जी ने एक रिपोर्ट सौंपी है कि अब तक कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं और क्या कदम उठाए गए हैं। एक संगठन और राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव बाद शिंहसाश को लेकर हाई कोर्ट में मामला दायर किया है। यह रिपोर्ट उन दो मामलों को लेकर 14 जून को हाई कोर्ट के आदेश के मद्देनजर राज्य पुलिस के डीजी ने सौंपी है। मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई। लेकिन सभी पक्षों की ओर से रिपोर्ट नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई अगले गुरुवार को होगी।

## कुंआ जीर्णोद्धार योजना पर ग्रामीणों ने नवीकरण करने की मांग की

एजेंसी

**सहरसा।** सरकार की महात्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली के तहत तालाब पोखर एवं कुंआ के जीर्णोद्धार की योजना जिले में शिथिल पर गई है। कुंआ का जीर्णोद्धार सरकार के योजना में शामिल है लेकिन जिले के कई प्रखंड क्षेत्रों में कुंआ के जीणोर्धार की योजना धरातल पर काफी धीमी है। जिले के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर पंचायत के कपसिया गांव के वार्ड 13 में सड़क किनारे अवस्थित कुंआ मिट्टी.कंकड़ भरने और धस जाने के कारण बदहाल स्थिति में है।60.70 वर्ष पुराने हो चुका कुंआ आपने अस्तित्व समाप्ति की और है। ग्रामीण अजीत कुमार सिंहएसागर सिंहएदिलीप सिंहए ललीत सिंहएराजाएसोनूएअमितेश सहित अन्य ने कहा कि पंचायत। प्रतिनिधि और कर्मी इस समस्या से भली भांति अवगत है लेकिन इसके जीणोर्धार की योजना अब भी नहीं बन सकी है।ग्रामीणों ने कहा कि एक समय था जब यह कुंआ गांव



के लोगों का पीने के पानी का जरिया था लेकिन देख रेख के अभाव में कुंआ की हालत बद से बदतर होता चला गया। पहले गांव के लोग इस कुंए के पानी का उपयोग खाना बनाने से लेकर नहानेए पीनेएकपड़ा साफ करने में करते थे। ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामीण अजीत कुमार सिंह द्वारा समय समय पर अपने निजी खर्च से इस जर्जर हो चुके कुंए का जीणोर्धार करके इसे जीवंत बनाए रखे हुए है। ग्रामीणों ने कुएं के जीर्णोद्धार के लिए लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जल संसाधन विभागएप्रखंड विकास पदाधिकारी पतरघट से जल जीवन हरियाली मिशनए15वीं वित्त या टाइड योजना के माध्यम से कुएं के जीर्णोद्धार कराने की मांग की है।

# पड़रिया पुल ढहा: सांसद ने लगाया लापरवाही का आरोप

एजेंसी

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के सिकटी अन्तर्गत पड़रिया में बकरा नदी पर कुल 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल मंगलवार को बकरा नदी में समा गया।पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया। पुल के नदी में समाने को लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया। सांसद और विधायक ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि पुल की पाइलिंग में गड़बड़ी बरतने के साथ रात में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता विहीन काम करने का नतीजा है पुल का गिरना। सांसद ने मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम के साथ कराने के साथ जिम्मेवार संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। पुल निगम के अधिकारी इस बाबत कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

- **पुल का अगर पाइलिंग सही होता तो उसका तीन से चार पाया बकरा नदी के गर्भ में नहीं समाता**



सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने संवेदक द्वारा रात के अंधेरे में पुल का निर्माण व पाइलिंग कार्य किये जाने की बात करते हुए कहा कि पुल का अगर पाइलिंग सही होता तो उसका तीन से चार पाया बकरा नदी के गर्भ में नहीं समाता। उन्होंने विभागीय अधिकारी व संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यहां तक कहा है कि तत्काल संवेदक व विभागीय कार्यपालक अभियंता व विभागीय अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाय। बकरा नदी पर पडरिया के पास बन रहा यह पुल जिले के सिकटी प्रखंड और कुसाकांटा प्रखंड को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल था। शुरूआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का थाएलेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।लेकिन पड़रिया पुल बनने से पहले ही अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया।जबकि वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विजय कुमार मंडल ने अथक प्रयास से यहां पुल बनना शुरू हुआ था।

इतना ही नहीं जब यह पुल बनना शुरू हुआ तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया। इसके बाद 12 करोड़ की लागत से नदी को किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन विभागीय लापरवाही व संवेदक की लापरवाही के कारण पुल बकरा नदी के गर्भ में समा गया।उल्लेखनीय है कि बकरा नदी व कुसाकांटा के बीच डोमरा बांध पर इस पुल का निर्माण हो रहा था।

# मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में दो की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

एजेंसी

**नवादा।** जिले के नक्सल थाली थाना क्षेत्र के खैरा गांव के समीप मंगलवार की दोपहर में दो मोटरसाइकिल की आमने.सामने की जोरदार टक्कर मे एक बाइक चालक समेत दो युवक की मौत हो गई। घटना में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही 112 पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और एंबुलेंस से सभी को इलाज के लिए अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने दो युवक को देखते ही मृत घोषित कर



दिया।वहीं महिला समेत तीन घायलों को सीएचसी मे इलाज किया जा रहा है। मृतक युवक की पहचान झारखंड राज्य के कोडरमा जिला अंतर्गत सतगांवा थाना क्षेत्र के मीरगंज गांव निवासी जहीर खान के 26 वर्षीय पुत्र औरंगजेब खां के रूप मे किया गया।वहीं घायल महिला की पहचान मृतक युवक के भाभी निखत खातुन पति जुबैर खान के रूप मे किया गया। दूसरे बाइक पर सवार घायल युवक अकबरपुर थाना क्षेत्र के धोबघटी गांव के विनय प्रसाद के पुत्र सुमीत कुमार तथा संतोष प्रसाद के पुत्र निर्बल कुमार के रूप मे किया गया।जख्मी निर्बल कुमार को गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। नक्सल थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एस आई गिरधारी सहनी को घटनास्थल पर भेज कर जायजा लिया गया और मृतक युवक की सूचना मृतक के परिजन को दे दी गई है।

# विश्व कप : वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया, शतक से चूके पूरन

- विश्व कप में अफगानिस्तान की पहली हार थी
- इब्राहिम जादरान ने 28 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत 38 रन बनाए



**ग्रॉस आइसलेट। एजेंसी**

निकोलस पूरन की शानदार 98 रनों की पारी और ओबेद मैकॉय के तीन विकेटों की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को (भारतीय समयानुसार) को डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में अफगानिस्तान पर 104 रनों की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने अजेय रहते हुए ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

219 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानी टीम को पता था कि अगर उन्हें इस विशाल लक्ष्य के सामने टिके रहना है तो उन्हें पांचवें गियर से ही शुरूआत करनी होगी।

हालांकि, टीम की शुरूआत खराब रही और पारी की तीसरी गेंद पर ही अकील हुसैन ने रहमानुल्लाह गुरबाज (0 रन 3) को चलता किया। इसके बाद गुलबदीन नैब और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने जोरदार बल्लेबाजी की और पावरप्ले के अंत में अफगानिस्तान का स्कोर 45/1 पर पहुंचा दिया। खेल के 7वें ओवर में गुडाकेश मोती ने नैब को (07) को चलता किया और यहां से अफगानिस्तान के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और 10 ओवर की समाप्ति पर अफगानिस्तान का स्कोर 5 विकेट पर 66 रन हो गया। इसके बाद अगले 6.2 ओवरों में अफगानिस्तान के बचे पांच विकेट भी गिर गए और पूरी टीम 16.2 ओवरों में 114 रनों पर सिमट गई। यह इस विश्व कप में अफगानिस्तान की पहली हार थी। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 28 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत 38 रन बनाए। जादरान के अलावा अजमतुल्लाह जजई ने 23, कप्तान राशिद खान ने 18 और करीम जन्नत ने 14 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 3, अकील हुसैन और गुडाकेश मोती ने 2-2, आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले, पूरन की 98 रनों की तूफानी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ 5 विकेट पर 218 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने मौजूदा मार्की इवेंट में पहली पारी का और टी20 विश्व कप में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत वाकई चौंका देने वाली थी। दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर अजमतुल्लाह ने ब्रेंडन किंग को चलता कर विंडीज को पहला झटका दिया। इसके बाद जॉनसन चार्ल्स और निकोलस पूरन पलक झपकते ही अपनी गति बढ़ा ली। तीसरे ओवर में चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद पूरन ने अजमतुल्लाह उमरजई के एक ओवर में 36 रन (6, 5 नो बॉल, 5 वाइड बॉल, 0, 4 लेग बाई, 4, 6, 6) कूट डाले।

पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में यह पांचवीं बार है जब एक ओवर में 36 रन दिए गए हैं, और पुरुषों के विश्व कप में यह दूसरी बार है। इस जोड़ी ने छह ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 1 विकेट के नुकसान पर 92 रन पहुंचा दिया। यह पुरुषों के टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। आठवें ओवर में 102 के कुल स्कोर पर नवीन उल हक ने चार्ल्स को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। चार्ल्स ने 27 गेंदों पर 8 चौकों की बदौलत 43 रन बनाए। 13वें ओवर में 135 के कुल स्कोर पर शाई होप 25 रन बनाकर गुलबदीन नैब का शिकार बने।

## एक नजर

### मकाबी तेल अवीव ने लगातार दूसरी बार जीता इजरायली लीग का खिताब




**यरूशलम।** यूरोलीग टीम मैकाबी तेल अवीव ने लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 57वीं बार इजरायली सुपर लीग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। सोमवार रात बेस्ट-ऑफ-थ्री प्लेऑफ फाइनल सीरीज के तीसरे और निर्णायक डर्बी गेम में घरेलू मैदान पर मैकाबी ने हापोएल तेल अवीव को 82-74 से हराकर खिताब अपने नाम किया। दक्षिण तेल अवीव के मेनोरा मिवताचिम एरिना में 11,000 प्रशंसकों के सामने हापोएल ने मजबूत टीम डिफेंस प्रदर्शन की बदौलत पहले क्वार्टर के अंत में 24-21 से बढ़त हासिल की।

### यूरो 2024: फ्रांस के कप्तान एमबाप्पे की नाक टूटी,अगले मैचों में खेलने पर संदेह

**डसेलडोर्फ।** यूरो 2024 के ग्रुप चरण में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद, डिडिएर डेसचैम्प्स और उनकी फ्रांसीसी टीम चिंता में डूबी हुई है, क्योंकि उनके स्टार खिलाड़ी और कप्तान किलियन एमबाप्पे चोटिल होकर मैच से बाहर चले गए, जिससे संभावित रूप से आगामी खेलों में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है। फ्रांस ने सोमवार को ग्रुप डी के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रिया पर 1-0 से जीत हासिल की, पहले हाफ में एमबाप्पे के क्रॉस से ऑस्ट्रियाई डिफेंडर मैक्सिमिलियन वोबर ने आत्मघाती गोल किया, जो मैच का विजयी गोल साबित हुआ। एमबाप्पे दूसरे हाफ में ऑस्ट्रियाई डिफेंडर केविन डैनसो से टकरा गए। टेलीविजन फुटेज में उनकी नाक चोटिल दिख रही थी और उनकी जर्सी खून से सनी हुई थी। डेसचैम्प्स ने मैच के बाद के साक्षात्कार में संवाददाताओं से कहा कि एमबाप्पे की नाक में गंभीर चोट लगी है। फ्रांसीसी मीडिया की शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार रात एमबाप्पे की नाक की सर्जरी नहीं हुई थी।

### टी-20 विश्व कप में एक स्पेल में चार मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज बने लॉकी फर्ग्यूसन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक स्पेल में चार मेडन ओवर फेंकने वाले दूसरे और पुरुष टी-20 विश्व कप के पहले गेंदबाज बन गए हैं। सोमवार को, उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड के आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ अपने 4 ओवर में बिना कोई रन दिये 3 विकेट लिए। यह टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड का आखिरी मैच भी है, क्योंकि वे अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार के बाद बाहर हो गए थे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज कनाडा के साद बिन जफर हैं, जिन्होंने 2021 में कूलिज में टी20 विश्व कप अमेरिका क्षेत्र क्वालीफायर मैच में पनामा के खिलाफ अपने 4 ओवर में बिना कोई रन दिये 2 विकेट लिये थे। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) की टीम 19.4 ओवर में केवल 78 रनों पर सिमट गई। पीएनजी के लिए चार्ल्स अमिनी ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

### पेरिस ओलंपिक से हटीं ओन्स जाबेउर, आर्यना



**बर्लिन।** विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और वर्ल्ड रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज ट्यूनीशिया की ओन्स जबेउर आगामी पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगी। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सबालेंका ने सोमवार को मीडिया डे पर डब्ल्यूटीए के हवाले से कहा कि उन्होंने खुद की देखभाल करने और हार्ड-कोर्ट गर्मियों के लिए तैयारी करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा खासकर पिछले कुछ महीनों में मैं जिन सभी संघर्षों से जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। यह शेड्यूलिंग के लिए बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का फैसला किया है। 1992 में बार्सिलोना के बाद पहली बार ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट क्ले पर आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों को उत्तरी अमेरिकी हार्ड कोर्ट पर लौटने से पहले ओलंपिक के लिए विंबलडन में घास से रोलांड गैरोस में क्ले पर जाना होगा।

## टी-20 विश्व कप : वेस्टइंडीज ने एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली। एजेंसी**



वेस्टइंडीज टीम ने मंगलवार को ग्रॉस आइलेट में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में एक ओवर में सर्वाधिक रन के टी 20 विश्व कप रिकॉर्ड की बराबरी की। विंडीज ने मौजूदा आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। वेस्टइंडीज ने अजमतुल्लाह उमरजई के चौथे ओवर में 36 रन बनाए, जिससे भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह द्वारा 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ छह छक्कों के साथ बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी हो गई। हालांकि, इस ओवर में सभी छह गेंदों पर छक्के नहीं लगे, इस ओवर में निकोलस पूरन ने तीन छक्के और दो चौका लगाया, जिसमें एक चौका नो बॉल पर आया था, इसके अलावा चार लेग बाई, 5 वाइड शामिल है।

यह अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज उमरजई के लिए एक अनचाहा रिकॉर्ड है, जिन्होंने पावरप्ले के दौरान एक ओवर में कुल 36 रन दिए। पूरन की आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें एक विशिष्ट सूची में पहुंचा दिया।

जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। युवराज एक ओवर में 36 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने जब उन्होंने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड का सामना किया और एक ओवर में तेज गेंदबाज को छह छक्के लगाए।

रोहित शर्मा और रिंकू सिंह भी विशिष्ट सूची में हैं। अपनी 98 रन की पारी के दौरान, पूरन ने अफगानिस्तान के खिलाफ आठ छक्के लगाए, जिससे टी20ई प्रारूप में उनके कुल 128 छक्के हो गए और उन्होंने वेस्टइंडीज के महान क्रिस गेल के 124 के कुल छक्कों को पीछे छोड़ दिया। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, वेस्टइंडीज ने बड़े शॉट लगाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग शुरूआत करने के लिए संघर्ष करते रहे और 6 गेंदों पर 7 रन बनाकर उमरजई का शिकार हो गए। पूरन की 98 रनों की तूफानी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप सी के अंतिम मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 218/5 का स्कोर बनाया।

## चेन्नईयिन एफसी ने गुरकीरत सिंह के साथ किया दो साल का करार



**चेन्नई। एजेंसी**

चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र के लिए अपने आठवें अनुबंध के रूप में प्रतिभाशाली युवा फॉरवर्ड गुरकीरत सिंह के साथ करार किया है। पंजाब के 20 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान के बाईं ओर खेलने की क्षमता और हमले में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जाना जाता है। वह दो साल के सौदे पर मुंबई सिटी एफसी से चेन्नईयिन में शामिल हुए हैं, वह 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। गुरकीरत सिंह ने मुंबई सिटी एफसी के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पदार्पण किया और वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने क्रमशः 2023 और 2024 में आईएसएल लीग शील्ड और आईएसएल खिताब जीता था। चेन्नईयिन एफसी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार हेड कोच कॉयल ने कहा हम अपनी फॉरवर्ड लाइन में ताकत और गति जोड़ना चाहते थे और गुरकीरत एक ऐसे खिलाड़ी थे जिन पर हम नजर रख रहे थे। जब वह सुपर कप में हमारे खिलाफ खेले थे, तो वह एक बेहतरीन खिलाड़ी थे और इंडिया अंडर-20 के लिए उनका गोल स्कोरिंग रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है। नियमित रूप से आईएसएल क्लब के लिए खेलने वाले इस प्रतिभाशाली फुटबॉलर को लीग में जीतने के लिए आवश्यक स्तर की अच्छी समझ है और उम्मीद है कि वह चेन्नईयिन में अपने शानदार कौशल के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

गुरकीरत सिंह ने चेन्नईयिन में शामिल होने के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा ईमानदारी से कहूं तो मुझे कोच के रूप में ओवेन कॉयल बहुत पसंद हैं। वह एक शानदार कोच हैं और मैं उनके अधीन खेलना चाहता हूं। गुरकीरत सिंह ने अपने करियर में कुल 67 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए हैं और एक असिस्ट दिया है। फॉरवर्ड ने अपने कौशल को निखारने के लिए इंडियन एरोज के साथ अपने करियर की शुरूआत की और अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ लीग में अपनी पहचान बनाने के लिए मुंबई सिटी एफसी में चले गए।

## मेजर लीग क्रिकेट ने ऐतिहासिक टी20 विश्व कप अभियान के लिए यूएसए क्रिकेट टीम को दी बधाई

**डलास। एजेंसी**



यूएसए क्रिकेट टीम ने चल रहे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। यूएस-आधारित टी20 लीग, मेजर लीग क्रिकेट ने सुपर 8 चरण में जगह बनाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय टीम को बधाई दी है। मेजर लीग क्रिकेट के खिलाड़ी जो टीम यूएसए का हिस्सा हैं, उनमें अली खान, नितीश कुमार, शैडली वैन शल्कविक (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्टीवन टेलर, नोस्टुश केंजीगे, मोनांक पटेल और शायन जहांगीर (एमआई न्यूयॉर्क), कोरी एंडरसन (सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न), हरमीत सिंह, (सिएटल ऑर्कस), मिलिंद कुमार (टेक्सास सुपर किंग्स) एंड्रीज गौस, सौरभ नेत्रवलकर और यासिर मोहम्मद (वाशिंगटन फ्रीडम) शामिल हैं। टीम यूएसए ने अपने अभियान की शुरूआत कनाडा को पहले गेम में हराकर की। वे पाकिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक सुपर-ओवर में विजयी हुए, जिससे टीम इस मार्की इवेंट के ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। अंततः आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से वे सुपर 8 में प्रवेश कर गए। सुपर 8 राउंड के ग्रुप 2 में यूएसए का सामना दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से होने वाला है। मेजर लीग क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी विजय श्रीनिवासन ने कहा कि विश्व कप के अगले चरण में घरेलू टीम का आगे बढ़ना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

श्रीनिवासन ने एमएलसी रिलीज के हवाले से कहा टीम यूएसए को बधाई, जिन्होंने अपने पहले विश्व कप में, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ क्रिकेट के तीन रोमांचक मैच खेले और सुपर 8 में अपना स्थान अर्जित किया। यह खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, खासकर मेजर लीग क्रिकेट के हमारे खिलाड़ियों के लिए जो यूएसए का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह देश भर के लड़कों और लड़कियों को इस गर्मी में बल्ला और गेंद उठाने के लिए प्रेरित करेगा।

# वाणिज्य

## नेस्ले की मैगी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना भारत


**नई दिल्ली। एजेंसी**




पैकेज्ड फूड कंपनी नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स एवं सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेस्ले इंडिया की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से ज्यदा सर्विंग्स बेचीं, जिससे भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया। कंपनी ने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं हैं, जिसकी वहज से वह किटकैट के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। इसके अलावा भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। कंपनी के मुताबिक नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है। इसके तहत उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी एवं नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने 31 मार्च, 2024 तक के पिछले 15 माह में 24,275.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। गौरतलब है कि स्विस वैश्विक खाद्य और पेय प्रमुख नेस्ले के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

## शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बकरीद की छुट्टी के बाद घरेलू शेयर बाजार ने कारोबार की शुरूआत होते ही ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि कारोबार की शुरूआत होने के बाद मुनाफा वसूली के दबाव में शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई। इसके बावजूद अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में बने हुए थे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, टाइटन कंपनी, श्रीराम फाइनेंस और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 2.44 प्रतिशत से लेकर 1.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, डिवीज लेबोरेट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.48 प्रतिशत से लेकर 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,247 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,339 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 908 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल मामूली तेजी के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में बने पॉजिटिव माहौल के कारण एसएंडपी 500 इंडेक्स और नैस्डेक दोनों सूचकांकों ने रिकॉर्ड मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.77 प्रतिशत की छलांग लगा कर 5,473.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह नैस्डेक ने 168.14 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,857.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,795.67 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती में कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,142.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## फिच ने भारत के आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने मार्च में इसके सात फीसदी रहने का अनुमान जताया था। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 फीसदी की मजबूत वृद्धि होगी। वहीं, एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए विकास दर क्रमशः 6.5 फीसदी और 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर के अपने अनुमान में संशोधन किया है। हालांकि, फिच रेटिंग्स का अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुमान के अनुरूप ही है।

## एक नजर

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान किम जोंग से मिलेंगे

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा है। इसकी पुष्टि दोनों देशों ने की। पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी। दोनों देश अमेरिका के साथ अपने अलग-अलग मतभेदों के मद्देनजर अपने गठबंधन को और मजबूत कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। साथ ही रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की। यह यात्रा एक हथियार समझौते के बारे में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंताओं के बीच हो रही है, जिसके तहत प्योंगयांग आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मास्को को आवश्यक हथियार उपलब्ध करा रहा है, जिसकी यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत जरूरत है।

### कांग्रेस भी 40 स्टार प्रचारक उतारेगी : करन



**देहरादून।** भाजपा की तरह कांग्रेस भी चुनाव प्रचार में 40 स्टार प्रचारक उतारेगी। इससे पहले भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी जिसमें 40 नाम थे। अब कांग्रेस भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रही है। उत्तराखंड की मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को उपचुनाव होने हैं, जिसे लेकर भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दोनों राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं, अब स्टार प्रचारकों को ग्राउंड पर भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि हमारे पहले से स्टार प्रचारक तय हैं। गणेश गोदियाल यशपाल आर्य प्रीतम सिंह हरीश रावत समेत तमाम नेता वहां बने रहेंगे। विक्रम नेगी, मंत्री प्रसाद नैथानी की एहम भूमिका होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विधायक भुवन कापड़ी, सुमित हृदयेश, हरीश धामी,आदेश चौहान, मनोज तिवारी सहित सबकी जिम्मेदारी तय की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हरिद्वार।** देहरादून से अमृतसर जाने वाली लाहौरी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक सहारनपुर का निवासी था। थानाध्यक्ष जीआरपी संजय शर्मा ने बताया कि लक्सर में खंबा नंबर 1152 से 1160 के मध्य लाहौरी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत होने की सूचना मिली थी। जिस पर कांस्टेबल संजय कुमार, मुनेश कुमार व सुनील कुमार को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने शव की तलाशी के दौरान मृतक के पर्स में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान सागर कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी शारदा नगर सहारनपुर यूपी के रूप में हुई।

### चेक गणराज्य में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत, आठ घायल

**प्राग।** चेक गणराज्य के एक सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र में गोला-बारूद विस्फोट में एक सैनिक की मौत हो गई और एक नागरिक सहित आठ अन्य व्यक्ति घायल हो गए। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य मंत्रालय ने बताया कि यह दुर्घटना प्राग से लगभग 250 किलोमीटर पूर्व में लिबावा में हुई, जब गोला-बारूद तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। मंत्रालय ने बताया कि घायलों को ओलोमौक शहर के अस्पतालों में ले जाया गया। सैन्य पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है।

### लाइन की चपेट में आया ट्रक, चालक की मौत

**बहराइच।** जनपद के जरवल रोड थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट के चलते ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि क्लीनर बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की। जरवल इलाके के घाघरा घाट को जा रहा एक ट्रक आज उस वक्त एचटी लाइन की चपेट में आ गया, जब वह बौंडी के मंसूरपुरवा चौराहे के पास से गुजर रहा था। हाईटेंशन लाइन के लटकते तार के सम्पर्क में ट्रक के आते ही उसमें करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर ट्रक चालक चीखने लगा, जबकि खलासी (क्लीनर) किसी तरह से बाहर कूद गया। इस बीच करंट लगने से ट्रक चालक बाराबंकी के रामनगर निवासी बबलू (28) की मौत हो गई।

### मैदान में खड़ी कारों में लगी आग

**हल्द्वानी।** गाड़ी के एक शोरूम के ठीक बगल के मैदान में खड़ी गाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर बामुश्किल काबू पाया। बताया गया है कि कार का शोरूम गोरापड़ाव के पास है। इसके ठीक बगल में शोरूम का ग्राउंड है, जहां पर कई पुरानी गाड़ियां खड़ी होती हैं। इनमें तीन खड़ी गाड़ियों में आग लग गई। गाड़ियां पूरी तरह से जल गईं। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इस घटना में कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है।

#### सेना के लिए 90 और भारतीय वायु सेना के लिए 66 हेलीकॉप्टर खरीदे जाएंगे

# एचएएल को 156 एलसीएच प्रचंड के लिए 45 हजार करोड़ रुपये का टेंडर

- केंद्र सरकार ने पिछले साल 30 नवंबर को प्रचंड खरीदने के लिए दी थी मंजूरी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

रक्षा मंत्रालय ने 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) को 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक का टेंडर दे दिया है। कंपनी ने कहा कि 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से 90 भारतीय सेना (आईए) के लिए और शेष 66 भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के लिए खरीदे जाएंगे। केंद्र सरकार ने पिछले साल 30 नवंबर को एलसीएच प्रचंड खरीदने के लिए मंजूरी दी थी। दुनिया का पहला स्वदेशी हल्का अटैक हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भारतीय सेना और वायु सेना के लिए नई ताकत बनकर उभरा है। इसे चीन और पाकिस्तान की सीमा पर तैनात करने के लिए वायु सेना ने 156 हेलीकॉप्टर खरीदने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था, जिसे पिछले साल 30 नवंबर को मंजूरी मिली थी। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन 'धनुष' राजस्थान के जोधपुर में पिछले साल 03 अक्टूबर को शुरू की गई थी। पहली खेप में एचएएल से मिले 04 हेलीकॉप्टरों को इसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के बेड़े में शामिल किया था। इसके बाद से एक साल के भीतर एचएएल से सेना को 05 और वायु सेना को 10 हेलीकॉप्टर मिल चुके हैं, जिनका इस्तेमाल दोनों सेनाएं कर रही हैं।

भारत की प्रमुख एयरोनॉटिकल कंपनी एचएएल छह साल की समय-सीमा के भीतर पूरे ऑर्डर की आपूर्ति करेगी। इस परियोजना से हेलीकॉप्टर डिजाइन और विकास में भारत की आत्मनिर्भरता को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

एलसीएच प्रचंड में फिलहाल 45 फीसदी स्वदेशी सामग्री है, जो सीरियल उत्पादन शुरू होने के साथ 55 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। इस शक्तिशाली हेलीकॉप्टर को उच्च ऊंचाई वाले युद्ध और टोही मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी तैनाती सशस्त्र बलों को देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण बढ़त प्रदान करेगी। विश्लेषकों का मानना है कि यह सौदा न केवल भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएगा, बल्कि इससे महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ भी होगा।

**5,000 मीटर की ऊंचाई पर उतर सकता है**

**एलसीएच प्रचंड 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर सकता है और उड़ान भर सकता है, जो इसे सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख के उच्च-ऊंचाई वाले क्षेत्रों में संचालन के लिए आदर्श स्थिति है। यह हवा से जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को भी दागने में सक्षम है और दुश्मन के हवाई रक्षा अभियानों को नष्ट कर सकता है। स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए एचएएल को प्रस्ताव के लिए अनुरोध पत्र जारी किया है।**

### आंगनवाड़ी वर्कर्स की मांगों का नहीं हो रहा है समाधान : बिजनेश

**यमुनानगर।** आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर की एक विशेष बैठक मंगलवार को संघ कार्यालय दशहरा ग्राउंड मॉडल टाउन में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता सुघ ने कि व संचालन सुनीता करहेड़ा द्वारा किया गया। बैठक में राज्य महासचिव बिजनेश राणा ने बताया कि जिला के आँगनवाड़ी सेंटरो में कार्यरत वर्कर्स और हेल्पर्स लगभग एक साल से माँगो व समस्याओं को लेकर भारी दिक्कतों का सामना कर रही है। इन माँगो व समस्याओं के बारे में जानकारी देने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को कई बार लिखित में व दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन अधिकारी यूनियन के साथ बातचीत करने के लिए टालमटोल वाला रैवया अपना रही है। जिस कारण से जिले भर की तमाम आँगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स में भारी रोष व गुस्सा पनप रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारी के इस सौतेले व्यवहार को लेकर जिला के अतिरिक्त उपायुक्त महोदय को पत्र के माध्यम से सूचना दे दी गई कि अधिकारी हमारी माँगो व समस्याओं को लेकर यूनियन के साथ बातचीत नही करना चाहती है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने मंगलवार को छह दिन पूर्व मोबाइल लूट की घटना करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी। उनका तीसरा साथी भागने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश पुलिस टीम कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया कि 12 जून को मक्खनपुर थाने पर मोबाइल लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था। बदमाशों को पकड़ने के लिए थाना मक्खनपुर प्रभारी शिव कुमार चौहान एवं एसओजी प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग-दो बाईपास सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान उनकी बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। एक अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। दो अन्य अभियुक्त भागने का प्रयास कर रहे थे जिसमें से एक अभियुक्त को घेराबंदी कर पकड़ लिया।

## नैनीताल में फिर 'चायवाला' के रूप में दिखे सीएम धामी

**नैनीताल। एजेंसी**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह सरोवरनगरी में सुबह की सैर पर निकले। इस दौरान वह नगर के पंत पार्क क्षेत्र में लगने वाले एक चाय के ठेले पर 'चायवाला' के रूप में भी नजर आये। इस दौरान उन्होंने अदरक कूटकर चाय बनायी। डीएसए मैदान में बच्चों के साथ हॉकी, फुटबॉल व बास्केटबॉल खेले। स्थानीय लोगों व सैलानियों से मिले और जिला चिकित्सालय में रोगियों की कुशलक्षेम व चिकित्सालय के हालातों की जानकारी ली।

हुआ यह कि पिछली बार भी वह यहां दीवान राम नाम के एक फड़ पर चाय बनाने वाले के चाय के ठेले पर चाय बनाते हुए और सैलानियों व स्थानीय लोगों से फीड बैक लेते देखे गये थे। उन्हें स्थानीय भाजपा नेता हरीश राणा ने बातों-बातों में बताया था कि दीवान राम की इस बीच मौत हो गयी है। इस पर आज वह पुनः इस ठेले पर पहुंचे और स्वर्गीय दीवान राम के पुत्र संतोष कुमार से मिलकर परिवार का हाल जाना और अपनी संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा उन्होंने बीडी पांडे जिला चिकित्सालय जाकर वहां भर्ती आम रोगियों व बच्चों के वार्ड में जाकर रोगियों की कुशल क्षेम जानी और चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को भी परखा।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

## गोपेश्वर: मास्टर प्लान से प्रभावितों ने बदरीनाथ में किया सांकेतिक प्रदर्शन

**गोपेश्वर। एजेंसी**



मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति और बदरीनाथ मास्टर प्लान के प्रभावितों ने मंगलवार को बदरीपुरी में सांकेतिक प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने मास्टर प्लान से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को समिति के सामने रखा। संघर्ष समिति ने भविष्य के आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया।

मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति ने मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि मूल निवासियों को विश्वास में लिए बगैर बदरीनाथ में निर्माण कार्य चल रहा है। मास्टर प्लान को लागू करने में नियमों की अवहेलना हुई है और मूल निवासियों, हक-हकूकधारियों को अपनी आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं मिला। मास्टर प्लान कैसे लागू हो इसके लिए उत्तराखंड अर्बन एंड कंट्री प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट में व्यवस्था है। इस एक्ट के तीसरे अध्याय में नियमों के मुताबिक पहले ड्राफ्ट मास्टर प्लान को प्रकाशित कर सभी पक्षों को आपत्तियां दर्ज करने का अवसर मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार ने बिना अनुमति के ही मकान तोड़ दिये।

संघर्ष समिति के सह संयोजक लुशुन टोडरिया ने कहा कि भले ही मन्दिर के चारों और 75 मीटर के दायरे में अधिग्रहण हो रहा हो लेकिन 90 फीसदी लोगों ने इस कार्य के लिए कोई एनओसी नहीं दी है और न उनको कोई मुआवजा मिला है और जब तक उन्हें समुचित मुआवजा नहीं मिलेगा वह निर्माण नहीं चाहते। स्थानीय लोग होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, प्रसाद सामग्री, कपड़ा और बर्तन आदि बेचकर अपनी जीविका चलाते रहे हैं। प्रशासन ने मार्च में बिना कोई नोटिस या समय दिए उनका सब कुछ तोड़कर मिट्टी में मिला दिया। लोगों को विश्वास में लिए कोई भी कार्य होगा तो इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बदलती दिनचर्या से स्वास्थ्य खतरे में : डॉ.शारदा द्विवेदी

**जौनपुर। एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में योग सप्ताह कार्यक्रम आयोजित है। मंगलवार को आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ योग प्रशिक्षिका डॉ.शारदा द्विवेदी ने योग के महत्व को विस्तार से बताया।

डॉ. द्विवेदी ने शरीर को मन और आत्मा से जोड़ते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ.द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती हुई दिनचर्या बिगड़ते हुए स्वास्थ्य का कारण है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के प्रो. वी.डी. शर्मा ने कहा कि योग लोगों को आपस में जोड़ता है।

योग से कार्य की कुशलता आती है। उन्होंने योग और प्रकृति के संबंध पर विस्तृत प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि योग करने से कार्य कुशलता आती है, योग शारीरिक स्वास्थ के साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाने और प्रसन्न रखने का निःशुल्क साधन है। जीवन जीने की कला को ही योग कहा जाता है। कुलपति ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कैसी होगी और आने वाला भारत कैसा होगा, यह वर्तमान भारत को निर्धारित करना होगा। 21 जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी लोग अधिक से अधिक प्रतिभागी करें।

कार्यक्रम में प्रो.बी.बी.तिवारी, प्रो.मनोज मिश्रा,प्रो.प्रमोद यादव, प्रो.गिरधर मिश्रा, डॉ.नीतिश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक एवं सेमिनार के संयोजक डॉ.मनोज कुमार पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. दिव्येंदु मिश्रा ने किया।

## दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के नौसैनिक जहाज टकराए, देशों के बीच बढ़ा तनाव

**बीजिंग/मनीला। एजेंसी**

विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को स्थापित करने के लिए चीन-फिलीपीन टकराव ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया जब उनके नौसैनिक जहाजों के बीच पहली बार टकराव हुआ। बीजिंग ने विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल क्षेत्र में 'नियमों का उल्लंघन करने के संदेह में' विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद यह पहली ऐसी घटना हुई।

चीन दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी उस पर हक जताते हैं जिसे लेकर क्षेत्र में गहरा विवाद है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपीन के एक पोत और एक चीनी जहाज के बीच टक्कर हो गई, यह घटना उस समय हुई



जब फिलीपीन का जहाज 'सेकेंड थॉमस शोल' के पास के पानी में अवैध रूप से प्रवेश किया और 'खतरनाक तरीके से' चीनी जहाज के पास पहुंच गया। पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों की नौसेनाओं और तटरक्षकों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में सेकेंड थॉमस शोल पर अपना दावा जताने के लिए जोरदार प्रयास किया है, जिस पर चीन का दावा है। चीन का आरोप है कि फिलीपीन ने 1999 में सेकेंड थॉमस शोल, जिसे वह रेनाई जियाओ कहता है, में जानबूझकर एक नौसैनिक जहाज को किनारे पर खड़ा कर दिया था और क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में परिवर्तित कर दिया था।

तटरक्षक बल के अनुसार, सोमवार की सुबह चीनी जहाज ने फिलीपीन के जहाज को निर्माण सामग्री पहुंचाने से रोकने के लिए उससे टक्कर मार दी। तटरक्षक बल के बयान में कहा गया कि उसके जहाज ने सोमवार की सुबह रेनाई जियाओ के निकट जलक्षेत्र में फिलीपीन के एक जहाज द्वारा अवैध घुसपैठ के जवाब में नियामक उपाय किए हैं। एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज, चीनी पक्ष की ओर से बार-बार दी गई कड़ी चेतावनियों की अनदेखी करते हुए, जानबूझकर और खतरनाक तरीके से रेनाई जियाओ के निकटवर्ती जलक्षेत्र में सामान्य रूप से नौकायन कर रहे चीनी जहाजों के पास पहुंच गया।

### पत्नी से विवाद के चलते व्यक्ति ने की आत्महत्या

**यमुनानगर।** पत्नी से अलग रह रहे एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना रामपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाष नगर निवासी 40 वर्षीय सुशील कुमार की तीन साल पहले फर्कपुर निवासी महिला के साथ प्रेम विवाह हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसका केस कोर्ट में विचाराधीन है। वह पिछले आठ महीने से उससे अलग रह रही थी। वह इसी को लेकर परेशान चल रहा था। सोमवार की रात को वह काम पर से आया और खाना खाकर ऊपर छत पर बने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह जब वह सो कर नहीं उठा तो परिजन ने आवाज लगाई, लेकिन उसके कमरे से कोई आवाज नहीं आई। उसके बाद जब कमरे में जाकर देखा तो सुशील पंखे पर लटका हुआ था। रात को उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रामपुरा थाना के जांच अधिकारी निर्मल ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**लोकआस्था** | पुण्य को पाने के लिये हरिद्वार में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में पुण्य की डुबकी

**हरिद्वार। एजेंसी**

निर्जला एकादशी के दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। मंगलवार तड़के से आरम्भ हुआ स्नान का सिलसिला दिनभर जारी रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण, पिण्डदान आदि कर्म कर उनके मोक्ष की कामना की। निर्जला एकादशी पर शहर में जगह-जगह छबीलें लगाकर शरबत वितरित किया। पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक निर्जला एकादशी पर बिना जल ग्रहण किये ही व्रत रखा जाता है। साथ ही गंगा स्नान का महत्व है। ऐसा करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। निर्जला एकादशी के व्रत से सालभर की 24 एकादशी व्रत का पुण्य प्राप्त होता है। इस पुण्य को पाने के लिये हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

- **श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पूजा-अर्चना की, लोगों ने सुराई, शरबत, पंखा, फल आदि दान कर सुख-समृद्धि की कामना की।**



श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और दान आदि कर्म किए। इस अवसर पर लोगों ने सुराई, शरबत, पंखा, फल आदि दान कर सुख-समृद्धि की कामना की। स्नान को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे। पं. शुक्ल का कहना है कि निर्जला एकादशी जैसे नाम से ही प्रतीत होता है वह एकादशी जिसमें निर्जल रहकर व्रत रखना होता है। यही वह एकादशी है जिसका यह फल बताया गया है कि जो आज के दिन की गंगा आदि पवित्र नदियों में मौन रहकर स्नान करने के पश्चात निर्जल रहकर व्रत करे।

व्रत के पूर्व मौसमी फल, जल पात्र और पंखा, चीनी और इस प्रकार की चीज जो अपने पितरों के निमित दान करता है अपने पुरोहित को देता है, उस व्यक्ति को पूरे वर्ष की एकादशी जो 24 होती हैं, हर महीने दो शुक्ल पक्ष की और कृष्ण पक्ष की यह एकमात्र एकादशी करने से 24 एकादशियों का व्रत का प्रभाव मिल जाता है। इसका पुण्य फल इतना बताया गया है कि भीमसेनी एकादशी नाम भी इसी कारण पड़ा था। वेदव्यास जी की आज्ञा से भीमसेन ने इसी दिन का उपवास करके पूरे वर्ष की एकादशी का फल प्राप्त कर लिया था।

#### विधायक मदन कौशिक, डीएम व एसडीएम मनीष सिंह को दिया ज्ञापन

## हरिद्वार : युद्ध स्तर पर कराई जाए ललतारौ नदी की सफाई : भाटी

**हरिद्वार। एजेंसी**

कचरे व मलबे से भरी पड़ी ललतारौ नदी की सफाई की मांग को लेकर भाजपा नेताओं व क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद विनीत जौली के संयोजन में विधायक मदन कौशिक, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, उपजिलाधिकारी मनीष सिंह को ज्ञापन देकर ललतारौ नदी की सफाई की मांग की।



इस अवसर पर भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि शिवालिक पर्वत मालाओं से निकलने वाले बरसाती नालों व ब्रह्मपुरी व बिल्केश्वर कालोनी, झलकारी बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, निर्मला छावनी का समूचा बरसाती पानी ललतारौ नदी के माध्यम से गंगाजी में जाता है। वर्तमान में सफाई न होने के चलते ललतारौ नदी में मलबा, पत्थर, मिट्टी जमा हो गई है। इससे इसका भूस्तर काफी ऊंचा हो गया है तथा यह मुख्य सड़क के लेवल तक आ गया है। इसके कारण बरसाती पानी गंगाजी तक नहीं जा पा रहा है। विगत वर्ष भी वर्षाकाल में क्षेत्र में जल भराव हो चुका है।

### नशा मुक्ति जागरूकता के संबंध में 19 से 26 तक जिला स्तर पर आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

# समाज में नशा का कोई स्थान न रहे यह देखना सबकी जिम्मेवारी

**संवाददाता**

**हजारीबाग।** 19 से 26 जून तक जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्यए शिक्षाए महिला बाल विकासए सामाजिक सुरक्षाए खेल विभागए कौशल विकास विभागए पर्यटन आदि विभागों द्वारा इस कार्यक्रम के व्यापक विस्तार और जन जागरूकता अभियान को धरातल में उतराने के लिए उक्त विभागों के कार्ययोजना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने बैठक की। उन्होंने कहा हमारा समाज विशेष कर युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में आते जा रहे है जो अत्यंत चिंताजनक है। यह आवश्यक हो चला है कि लोगों में जन



जागरूकता के माध्यम से इस अभिशाप से मुक्ति दिलाई जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अलावा सामान्य व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ियां नशे में लिप्त हो रही है तथा अपने भविष्य को खतरे में डाल रही हैए जिससे उन्हें निजात दिलाना है। इसलिए राज्य भर में नशा के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जाएगा।

**क्या होंगे कार्यक्रम**

जागरूकता रथ को उपायुक्त के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। राज्यस्तर पर जागरूकता रथ को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रवाना किया जाएगा। नशा मुक्ति जागरूकता सप्ताह के दौरान नशा मुक्ति के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।4 शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में वाद विवादए प्रभात फेरीऐंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा भी अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वनए पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम.अफीम की खेती वाले जिला में श्रथ्डब तथा च्दै के सहयोग से ग्राम तथा पंचायत स्तर पर दिनांक 19 से 26 तक जागरूकता कार्यक्रम संचालित होंगे।पर्यटनए कला संस्कृतिए खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग उक्त विभाग द्वारा तैयार किये गये कार्य योजना के अनुसार खेल प्रशिक्षण केन्द्रों ;डे.बोर्डिंगतथा आवासीयद्धए खेल सेंटर ऑफ एक्सलेंस के साथ.साथ जिस पर्यटक स्थल पर पर्यटक मित्र उपलब्ध हैए वहां उनके माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। स्वास्थ्यए चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग दिनांक 19 से 26 तक अपने संसाधनोंध्डवकनसमे का उपयोग कर मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता प्रचार.प्रसार किया जायेगा।

# उपायुक्त के जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाई गुहार

**संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर जमीनए दिव्यांगए पीएम आवासए भूमि अतिक्रमणए इंदिरा आवासए राशन कार्डए मुआवजा आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा की



जिलेवासीओ का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। सुनवाई के क्रम में इचाक प्रखंड की रीना देवी ने अबुआ आवास को लेकर आवेदन दियाए ओकनी न्यू एरिया रोड के दुलार राम ने राशन कार्ड बनाने के संबंध मेंए वीणा देवी सुनीता देवी चंचल कुमारी ने कटकम दाग ग्राम सिरसी हरिजन मोहल्ला की निवासी ने चापा नाल हेतु उपायुक्त को आवेदन दिया। अजय कुमार मंडल विष्णुगढ़ से जमीन की अवैध बिक्री के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाई।

## एक नजर

### पशु पक्षियों को जल उपलब्ध कराने को 101टब का वितरण किया



**रामगढ़।** वार्ड नंबर 5 छोटकी मुराम पतरातू बस्ती में 18 को पशु पक्षियों के लिए टब का वितरण किया गया। भाजपा नेता सह समाजसेवी सौरभ जयसवाल के सौजन्य से 101टब का वितरण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाचो देवी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल उपस्थित थे। उन्होने अपने हाथों से महिलाओं को पशु पक्षियों को पानी के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए टब का वितरण किया। विनोद जायसवाल ने कहा कि पशु पक्षी गाय माता के लिए पानी छत के ऊपर घर के बाहर पेड़ के छाव में रखने को टब दिया गपा। टब महिलाओं को सोपा गया। महिलाओं ने भी समाजसेवी जयसवाल के प्रति आभार प्रकट किए। साथी महिलाओं ने कहा कि हम सभी महिलाएं यह शपथ लेते हैं कि पशु पंछी गाय माता के लिए घर के बाहर पेड़ के छांव में पानी भरा टब जरूर रखेंगे ।इस मौके पर चौकीदारनी देवीएअलसो देवीए आरती देवीए सुशीला देवीए पूनम देवी सुखिया देवीए उषा देवी आदि शामिल थी।

### प्रखंड स्तरीय खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री का वितरण



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड स्तर खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल खेल सामग्री का वितरण किया गया। यह खेल सामग्री मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल कप;बालक एवं बालिकाद्ध प्रतियोगिता 2023.2024 में प्रखंड स्तर पर भाग लेने वालों खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। इसमें सांकुल पंचायतए सयाल उत्तरीए सयाल दक्षिणी कंढेर और जयनगर पतरातू आदि पंचायत के खिलाड़ियों को खेल सामग्री दिया गया । मौके पर सांकुल पंचायत मुखिया सुमन भारतीए परमानंद राजीवए सरफराज अंसारीए रवि सिंह सहित अन्य खिलाड़ीए पंचायत मुखिया और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे ।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्तए रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023.24 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकोंध प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गायए बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ.साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

### सिरका परियोजना के पीओ का ई.8 में प्रमोशन



**गिद्दी।** सिरका परियोजना के पीओ श्रीकांत शर्मा का ई.8 में प्रमोशन हो गया है। इस मौके पर जनता मजदूर संघ सिरका शाखा के सदस्यों ने मुलाकात कर अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। इस अवसर पर जनता मजदूर संघ के वक्ताओं ने कहा कि सिरका पीओ श्रीकांत बीते वर्ष 1990 से 2021 तक एसईसीएल में कार्यरत रहे है। वहां से सिरका परियोजना में आने के पश्चात कुशल कार्य व मार्गदर्शन से सिरका कोलियरी को सीटीओ प्राप्त हुआ। वर्षों के बाद लोकल सेल चालू हुआ और बेहतरीन क्वालिटी के कोयले का उत्पादन हो रहा है।अरगड्डा सिरका में जल की समस्या भी धीरे.धीरे समाप्ती के कगार पर है। इसके अलावे अनेकों समस्याओं पर सकारात्मक पहल हुई है।

# स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करें : उपायुक्त

### स्वच्छता कवरेज और ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और तरीकों को अपनाने पर जोर : उप विकास आयुक्त

**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** समाहरणालय स्थित सभागार उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीणद्ध फेज.2 रामगढ़ अंतर्गत जिला स्तरीय ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक हुआ समापन। कार्यशाला में कचड़ा ;अपशिष्टद्ध प्रबंधन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध स्वच्छता विशेषज्ञों ने अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर



कार्यशाला में संबोधित किया। कार्यशाला में दो महत्वपूर्ण पैनल चर्चां हुईं जिनके विषय थे . 1 ठोस अपशिष्ट प्रबंधनय 2ण तरल अपशिष्ट प्रबंधनय जिसमें समुदायों के बीच व्यवहार परिवर्तन प्राप्त करने के लिए आवश्यक ठोस प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों को स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्होंने स्वच्छता और सफाई बनाए रखने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर भी जोर देने की बात कहा साथ ही उन्होंने अभिनव समाधानों और सामुदायिक भागीदारी के साथ अपने.अपने क्षेत्र को स्वच्छ करने की अपील की वहीं उन्होंने स्वच्छता कवरेज और ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने कहा कि प्लास्टिक उत्पाद ग्रामीण इलाकों में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती के रूप में उभरा है। इस कारण प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को एक महत्वपूर्ण मानदंड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय प्रतिनिधि संजय कुमार पांडेय और दिग्विजय कुमार ने भाग लिया तथा कचरे से होने वाली बीमारियों कचरा प्रबंधन व ऊर्जा संरक्षण पर जानकारी दिया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें व इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाएए खाने में पोषक तत्व शामिल करने आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई और जिला स्तरीय स्वच्छता पहल के लिए मूल्यवान संदर्भ और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकरए जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमारए यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमारए अनुरोध अग्रवालए प्रखंड समन्वय रंजीत कुमारए ओमनाथ महतोए सुषमा कुमारीए रंजीत सावए अजय महतो सोशल मोबिलाइजर इकबाल अहमदए अरुण सिंहए जनार्दन मुंडाए चयनित 10 पंचायत चोकादए मगनपुरए भुचुंगडीहए बड़कीपोनाए हेसागढ़ाए टोपाए उसराए इचातुए भुरकुंडा तथा देवरिया के मुखिया तथा जलसहियाए सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभागए कनीय अभियंता सहित सभी जल सहिया उपस्थित थे।

## सुशीला हत्याकांड में एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने गत 30 मई को रामगढ़ थाना अंतर्गत पतरातू बस्ती विद्यानगर में सेवानिवृत रेलवेकर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में घुसकर उनकी पत्नी. सुशीला प्रसाद की हत्या कर नकदी एवं आभूषण लूटपाट कर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से घर में अगजनी कर सनसनी खेज घटना को अंजाम देने के अभियुक्तों के प्रयास और मामले में एक और अभियुक्त अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर गढ़वा थाना अन्तर्गत गढ़वा ;संगत.रॉकी मुहल्लाद्ध से गिरफ्तार किये जाने के संबंध में बताया । कहा कि उन्होंने द्वारा काण्ड के उदभेदनए अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सम्पति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक के दिशा.निर्देशन में गठित एसआईटी टीम द्वारा



साक्ष्यों के आधार पर 72 घंटे के अंदर इस काण्ड का उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा उनके पति आरिफ नैयर उर्फ आर्या एवं अफसर अली को गिरफ्तार कर दिनांक 4 जून को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं अभियुक्त कासिफ मुन अमीन को 5 जून को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी टीम द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 17 जून की रात्रि को गढ़वा थाना अन्तर्गत गढ़वा

संगत.रॉकी मुहल्लाद्ध से इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्त अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया । अभियुक्त की निशानदेही पर इस कांड में लूटे गये चांदी के जेवरात एवं कुछ बर्तनों को बरामद कर किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

अंकित उर्फ अनिकेत कश्यप उम्र करीब 27 वर्षए पिता.स्व० प्रेम कुमार कश्यप सा०.गढ़वा ;संगत.रॉकी मुहल्लाद्ध थाना जिला.रामगढ़।

**जब्त सामग्रीः**

1 चांदी का एक प्लेन कटोरा
2चांदी का एक छोटा कटोरा
3 चांदी का कटोरा का एक ढक्कन
4 एक जोड़ा चांदी का पायल

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसादए थाना प्रभारी अजय कुमार साहुए पुअनि सुमंत कुमार रायए पुअनि ओमकार पालए पुअनि राजू उरांवए आरक्षी देवेन्द्र कुमार राम शामिल थे।

## हरूबेड़ा में भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने किया 100 केबी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**संवाददाता**

**रामगढ़।** भीषण गर्मी को देखते हुए इन दिनों विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुकी है।ज्यादा लोड पड़ने के चलते जितने भी पुराने ट्रांसफार्मर थे सभी जवाब देने लगे है। ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों विधानसभा क्षेत्र के हरूबेड़ा गांव से आया जहां गांव में एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया और उसी ट्रांसफार्मर से पूरे गांव का बिजली संचालित होता था।गांव के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।ना ही कोई समाजसेवी उनलोगो के बातो को सुनता और ना ही कोई नेता।गांव के युवाओं ने तुरंत भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल जी से संपर्क किया और 24 घंटे के अंदर एक नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। ग्रामीणों ने काफी हर्ष व्यक्त किया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथिराजीव जायसवाल द्वारा फीता काटकर 100 केबी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणो के द्वारा जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर राजीव जायसवाल ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के अंदर अगर कोई भी समस्या है आप मुझे बताए आपके हर समस्या का त्वरित समाधान होगा । आपकी समस्याओं के लिए अगर मुझे सरकारी पदाधिकारियों से लड़ाई भी लड़ना पड़े तो मै वैसे पदाधिकारियों से लड़ाई भी लड़ूँगाए लेकिन आपके समस्याओं का समाधान हर हाल में होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामगढ़ ज़िला भाजयुमो महामंत्री मनसु बेदियाएजिला कार्यसमिति सदस्य महेश महतोए पंचायत समिति सदस्य सुधीर कोटवारएप्रीतम झाएप्रदीप महतोएप्रकाश करमालीएसत्येंद्र सावएदीपनारायण सावएतेजपाल बेदियाएराजकुमार सावएलखींद्र बेदियाएबिस्वा मांझी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## पुरुषोत्तम पाण्डेय नेप्रबंधन की लापरवाही और मनमानी पर खेद प्रकट किया

**संवाददाता**

**गिद्दी।** परियोजना के फिल्टर प्लांट पर चोरों द्वारा विगत 9 जून को आतंक मचाने और ड्यूटी में तैनात दो सीसीएल कर्मी को बेरहमी से मारपीट कर एक रूम में बंद कर देने के साथ मोटर चोरी करने का असफल प्रयास किए जाने के बाद उत्पन्न कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल और रोष व्याप्त था। इसे लेकर कोल फील्ड मजदुर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय घटना स्थल पर पहुंच मजदूरों को हिम्मत दिलाते हुए प्रबंधन की लापरवाही और मनमानी पर खेद प्रकट किया।और महाप्रबंधक को पत्र लिखकर गिद्दी ए प्रबंधन और सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता के कारण गिद्दी ए फिल्टर प्लांट में आए दिन आपराधिक घटनाएं होते रहती है। और कभी भी कर्मी के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है।



पाण्डेय ने पत्र के माध्यम से महाप्रबंधक को गिद्दी फिल्टर प्लांट में 15 दिनों के अंदर समुचित लाइट की व्यवस्थाए फिल्टर प्लांट के टूटे बाउंड्री वॉल को ठीक करने और बाउड्री वाल के अंदर झाड़ी को हटवाने के लिए सूचित करने पर महाप्रबंधक द्वारा गंभीरता से लेते हुए अविलंब स्टाफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारी को मामले के समाधान का आदेश दिया। गौरव तिवारी गिद्दी ए स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचकर जायजा लिया और गिद्दी के ओवरसियर नागेश महतो को बाउंड्री वाल ठीक करने के साथ साथ पूरे दीवार पर कांटेदार तार लगाने का आदेश दिया।और सहयोगी अधिकारियों से बात कर दो अतरिक्त लाइट देने की बात कही और झाड़ी कटिंग को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रबंधन की तरफ से स्टाफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारीए नोडल ऑफिसर सी एस आर रजत जयसवाल, ओवरसीयर नागेश महतोए मजदूरों की ओर से कोलफील्ड मजदुर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेयए गिद्दी शाखा के अध्यक्ष संतोष कुमार झाए संतोष सिंहए रवि कुमारए शिवचरण मुंडा ए सुरेंद्र यादव और संवेदक गिरिजा सिंह आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में एनएचएआई की बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक को अधिग्रहित भूमि के भू स्वामियों को ससमय मुआवजा की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जमीन अधिग्रहण के दौरान भूधारकों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए। उन्होंने विवाद रहित भूमि को ही एंक्रोच करने तथा मुआवजा भुगतान के बाद ही जमीन अधिग्रहण की कारवाई करने को कहा। उन्होंने बताया कि एनएच का नक्शा और भू अर्जन के नक्शे में विभिन्नता की शिकायत पर अनुमंडल व अंचल स्तर पर जांच के आदेश दिए गए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा भुगतान के बाद ही अतिक्रमण हटाया जाए।

### किसानों को 20000 करोड़ सौगात देने पर भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने पीएम को धन्यवाद किया



**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने वाराणसी दौरे के दौरान एक कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी है। लगभग 9ण्26 करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ हुआ है। किसानए नौजवान नारी शक्ति को देश का मजबूत स्तम्भ बताते हुए उनको हर क्षेत्र में सशक्त बनाने को लेकर प्रधानमंत्री ने अपना इरादा स्पष्ट कर दिया है। माता बहनों के बिना खेती असंभव है। आज उन्होंने 30 हजार महिलाओं को कृषि सखी प्रमाण पत्र दे कर नारी शक्ति को भी सम्मानित किया। कृषि सखी योजना के तहत एक महिला 60 से 80 हजार रुपए सालाना कमा सकती हैं । इस योजना से खास कर ग्रामीण महिला आर्थिक रूप से मजबूत होगी।आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन के रूप में याद किया जाएगा। सभी ने किसानों के आय को दूना करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को किसानों और महिलाओं के आर्थिक प्रगति का सोपान माना। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद और आभार जताया। . इस बात की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999